पौष कृष्णा - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 183 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 28-01-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 रणजी ट्रॉफी में विराट कोहली की वापसी

6 क्या कांग्रेस बे-मन से लड़ रही है दिल्ली का विधानसभा चुनाव?

7 महाकुंभ में शाह ने लगायी पवित्र डुबकी, परिवार संग की पूजा अर्चना

## फर्स्ट टेक

### इजराइल ने ईरान के लिए जासूसी करने के संदेह में 2 नागरिकों को गिरफ्तार किया

**तेल अवीव/एपी।** इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो इजराइली नागरिकों को गिरफ़्तार किया है। इजराइली पुलिस और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि उत्तरी इजराइल के यूरी एलियासफोव और जॉर्जी एंड्रीव एक ईरानी एजेंट के संपर्क में थे और उसके निर्देश पर विभिन्न मिशन को अंजाम देते थे। दोनों ईरानी एजेंट को गोपनीय सैन्य सामग्री भेजते थे। इसमें कहा गया है कि संदिग्धों ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर ईरान समर्थित संदेशों के साथ भित्तिचित्र भी बनाए और बैनर टांगे। बयान के अनुसार उन्होंने पैसों के बदले ऐसा किया।

### बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको की चुनाव में भारी जीत

**मिंस्क/एपी।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको एक बार फिर चुनाव में निर्वाचित घोषित किए गए हैं। हालांकि विपक्ष और यूरोपीय संघ ने इस चुनाव को दिखावा बताकर खारिज कर दिया है। अधिनायकवादी लुकाशेंको तीन दशक से भी अधिक समय से सत्ता में हैं। 'सेंट्रल इलेक्शन कमीशन' ने सोमवार तड़के लुकाशेंको को विजयी घोषित किया और बाद में उसकी प्रतिपुष्टि भी की। 'सेंट्रल इलेक्शन कमीशन' ने कहा कि लुकाशेंको नेता को करीब 87 प्रतिशत वोट मिले और उनके चार विरोधी प्रत्याशियों ने उनके शासन की तारीफ की।

### अमेरिका के विदेश मंत्री रुबियो की टिप्पणी पर भड़का तालिबान

**दोहा/एपी।** तालिबान के एक राजदूत ने सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणी पर आपत्ति जताई जिन्होंने कहा था कि वह अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में रखने के लिए अफगानिस्तान के शासकों पर इनाम की घोषणा करेंगे। पिछले सप्ताह अमेरिका और अफगानिस्तान के बीच कैदियों की अदला-बदली में तालिबान के एक सदस्य खान मुहम्मद के बदले दो अमेरिकियों को रिहा किया गया था। अमेरिकी नागरिक रयान कॉर्बेट और विलियम मैकेंटी को रिहा करने का समझौता जो बाइडन का राष्ट्रपति कार्यकाल खत्म होने से पहले ही किया गया था। लेकिन दो और अमेरिकी, जॉर्ज ग्लीजमैन और महमूद हबीबी अब भी तालिबान की हिरासत में हैं।

| 28-01-2025 | 29-01-2025 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 6:19 बजे | सूर्योदय 6:46 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 75,366.17 | 22,829.15 |
| (-824.29) | (-263.05) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 8,245 रु. | 91,599 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### राजनीति के रंग

वो जीत गए संसद खातिर,
पर हार गए लोकल चुनाव।
वो मंत्री बन कर घूम रहे,
जिनको घर में ना मिला भाव।
राजा बन जाए रंक कभी,
सिंहम बन गुर्राए बिलाव।
हैं राजनीति का अज़ब खेल,
कब किसका इसमें लगे दाँव।।

# 'एक देश, एक चुनाव' पर बहस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा और विधानसभों के चुनाव एक साथ कराने से व्यवधान दूर हो सकते हैं और अधिक केंद्रित शासन दृष्टिकोण को अमल में लाया जा सकता है।

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर देश में जारी बहस को भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए 'महत्वपूर्ण' और युवाओं के भविष्य से जुड़ा विषय करार दिया तथा उनसे इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने तथा इसे बढ़ावा देने का आह्वान किया।

राजधानी दिल्ली स्थित के करिअप्पा परेड मैदान में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की वार्षिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन फिर ये क्रम टूट गया, जिससे देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा, ''हर चुनाव में मतदाता सूची अपडेट होती है, बहुत सारे काम होते हैं और इसमें अक्सर हमारे शिक्षकों की ड्यूटी लगती है। जिस कारण से पढ़ाई प्रभावित होती हैं। बार बार होने वाले चुनावों की वजह से शासन में भी मुश्किलें आती हैं।'' उन्होंने कहा कि इसलिए देश में 'एक देश, एक चुनाव' पर बहस चल रही है और लोग अपने-अपने विचार रख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा और विधानसभों के चुनाव एक साथ कराने से व्यवधान दूर हो सकते हैं और अधिक केंद्रित शासन दृष्टिकोण को अमल में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''भारत के युवाओं से मैं आग्रह करता हूं कि आप जहां भी हों, इस बहस को आगे बढ़ाएं और बड़ी संख्या में इसमें हिस्सा लें क्योंकि ये आपके भविष्य से जुड़ा विषय है।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चर्चा में भाग लेना भारत के भविष्य के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने के लिए आवश्यक है।

अन्य देशों की तुलना में भारत में बार-बार होने वाले चुनावों का जिक्र करते हुए, मोदी ने कहा कि अमेरिका में भी चुनावी चक्र व्यवस्थित है। उन्होंने रेखांकित किया कि अमेरिका जैसे देशों में हर चार साल में चुनाव होते हैं और नई सरकार के गठन की तारीखें तय होती हैं।

## अवैध प्रवासी भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं : उपराष्ट्रपति

देश के लिए चुनौती यह है कि लाखों अवैध प्रवासी हमारी जमीन पर रह रहे हैं। क्या यह हमारी संप्रभुता के लिए चुनौती नहीं है? ऐसे लोग कभी भी हमारे राष्ट्रवाद से नहीं जुड़े सकते।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि अवैध प्रवासी देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रतिभागियों के एक समूह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि ऐसे लोग भारत के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं क्योंकि वे ''हमारी चुनावी प्रणाली को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।''

एक आधिकारिक बयान में धनखड़ के हवाले से कहा गया, ''अवैध प्रवासी हमारे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं।''

उपराष्ट्रपति ने कहा, ''हमें चुनौतियों को देखना होगा। देश के लिए चुनौती यह है कि लाखों अवैध प्रवासी हमारी जमीन पर रह रहे हैं। क्या यह हमारी संप्रभुता के लिए चुनौती नहीं है? ऐसे लोग कभी भी हमारे राष्ट्रवाद से नहीं जुड़े सकते।'' उन्होंने कहा, ''वे हमारी शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली तथा अन्य सुविधाओं के संसाधनों का उपयोग करते हैं। वे उन नौकरियों में लगे हुए हैं, जो हमारे लोगों के लिए हैं। मैं सरकार में हर किसी से इस पर गंभीरता से विचार करने की अपेक्षा करता हूं। इस समस्या के समाधान में एक दिन की भी देरी नहीं की जा सकती। एक राष्ट्र लाखों अवैध प्रवासियों को कैसे सहन कर सकता है।''

## भाजपा-आरएसएस के लोग 'देशद्रोही', उनसे सावधान रहें : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**महू (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि भाजपा और आरएसएस ''देशद्रोही'' हैं तथा लोगों को उनसे सावधान रहना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि वे ''मस्जिदों के नीचे शिवलिंगों की तलाश नहीं करने'' की बात करते हैं, लेकिन लोगों को ऐसा करने के लिए उकसाते हैं।

खरगे ने यहां 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़ते हुए आजादी हासिल की गई और आज आरएसएस के जो लोग कांग्रेस को गाली देते रहते हैं उन्होंने केवल अंग्रेजों के लिए काम किया।

खरगे ने मध्यप्रदेश स्थित भीम राव आंबेडकर की जन्म नगरी में आयोजित रैली में कहा, ''आजादी की लड़ाई में उनकी (आरएसएस के लोग) कोई भागीदारी, कोई भूमिका नहीं थी। क्या आप ऐसे लोगों को माफ़ करेंगे?'' उन्होंने कहा, ''अगर इन लोगों को सबक सिखाना है तो एकजुट हो जाओ और एकजुट होकर अपने को मिले अधिकारों की रक्षा करो। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो नुकसान आपका है, नुकसान राहुल गांधी, सोनिया गांधी या मंच पर बैठे बड़े लोगों का नहीं है। नुकसान दलित, पिछड़े, आदिवासी और गरीबों का है।''

## उत्तराखंड में लागू हुआ समान नागरिक संहिता कानून

### पोर्टल पर सबसे पहले मुख्यमंत्री धामी ने अपने विवाह का पंजीकरण कराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड में सोमवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी गयी जिसके साथ ही यह स्वतंत्र भारत में ऐसा करने वाला पहला राज्य बन गया है।

यहां मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिसूचना जारी कर यूसीसी को लागू किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इसके क्रियान्वयन के लिए नियमावली तथा विवाह, तलाक, सहवासी संबंध के अनिवार्य आनलाइन पंजीकरण हेतु एक पोर्टल की शुरुआत की। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यूसीसी लाने का वादा किया और इसकी शुरुआत के मौके पर राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक और अनेक नेता मौजूद थे।

यूसीसी पोर्टल पर सबसे पहले मुख्यमंत्री ने अपने विवाह का पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उनके विवाह पंजीकरण का प्रमाणपत्र उन्हें सौंपा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यूसीसी के तहत पंजीकरण कराने वाले पांच व्यक्तियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल उत्तराखंड के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा, ''इसी क्षण से उत्तराखंड में पूरी तरह से यूसीसी लागू हो गयी है और प्रदेश के सभी नागरिकों के संवैधानिक और नागरिक अधिकार एक समान हो गए हैं।'' मुख्यमंत्री ने यूसीसी का पूरा श्रेय राज्य की जनता को देते हुए कहा कि यह उनके लिए भावनात्मक क्षण है कि उन्होंने 2022 में जनता से जो वायदा किया था, उसे वह पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से यूसीसी की गंगा निकालने का श्रेय केवल जनता को जाता है ।

## मेरा डीएनए भारतीय, कई इंडोनेशियाई लोगों के नाम संस्कृत में हैं : राष्ट्रपति सुबियांतो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कहा है कि उनके देश के भारत के साथ गहरे सभ्यतागत संबंध हैं और कई इंडोनेशियाई लोगों के नाम संस्कृत में हैं। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि उनका 'डीएनए' भारतीय है।

सुबियांतो रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे।

सुबियांतो ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रिभोज में यह बात कही। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने भारत के साथ अपने देश के सांस्कृतिक संबंधों का भी उल्लेख किया और कहा कि जब भी वह भारतीय संगीत सुनते हैं तो उनके पैर थिरकने लगते हैं।

सुबियांतो ने कहा कि वह कुछ दिनों के लिए भारत आए थे, लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, कार्यक्रमों और गरीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता से बहुत कुछ सीखा।

सुबियांतो ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा, ''हाशिए पर पड़े लोगों की मदद करने और समाज के सबसे कमजोर तबके की सहायता करने की आपकी (प्रधानमंत्री मोदी की) प्रतिबद्धता हमारे लिए प्रेरणा है...क्यों न एक अच्छे उदाहरण का अनुसरण किया जाए। खासकर तब जब आपके सामने कई अच्छे उदाहरण हों।''

## विवादित नृत्य दृश्य फिल्म 'छावा' से हटाया जाएगा

**मुंबई/भाषा।** मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल अभिनीत आने वाली फिल्म 'छावा' से विवादित लेझिम नृत्य दृश्य को हटाया जाएगा। फिल्म निर्माता लक्ष्मण उतेकर ने सोमवार को यह घोषणा की। उतेकर ने इस निर्णय की घोषणा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे के साथ उनके आवास पर चर्चा के बाद की। इस सप्ताह की शुरुआत में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था। ट्रेलर में, विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना, जो क्रमशः छत्रपति संभाजी महाराज और महारानी येसूबाई की भूमिका निभा रहे हैं, लेझिम के साथ नृत्य करते हुए दिखाई देते हैं। लेझिम महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक पारंपरिक वाद्ययंत्र है। उतेकर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, राज ठाकरे से सुझाव लेने के लिए उनसे मुलाकात की थी। राज ठाकरे का इतिहास और विशेष रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित विषयों पर गहन ज्ञान है। उन्होंने बदलाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन्हें हम लागू करेंगे। जहां तक संभाजी महाराज के 'लेझिम' बजाने वाले दृश्य का सवाल है, इसे हटा दिया जाएगा।

## वक्फ समिति ने सत्तारूढ़ गठबंधन के संशोधनों को स्वीकार किया, विपक्ष के सारे संशोधन खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

- बैठक में विपक्षी सदस्यों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'चोट' पहुंचाने का आरोप लगाया।
- पाल ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि समिति ने सभी संशोधनों पर लोकतांत्रिक तरीके से विचार किया।

**नई दिल्ली/भाषा।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति द्वारा यह प्रस्ताव किए जाने की संभावना है कि मौजूदा 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' संपत्ति, विवाद में नहीं होने या सरकारी सुविधा के अंतर्गत आने की स्थिति में बनी रहेगी।

समिति ने सोमवार को हुई एक बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया।

सूत्रों ने बताया कि समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के सभी 44 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा था और उन्होंने दावा किया कि समिति की ओर से प्रस्तावित कानून विधेयक के 'दमनकारी' चरित्र को बरकरार रखेगा और मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा।

भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संयुक्त समिति की बैठक में विपक्षी सदस्यों ने एक बार फिर जोरदार विरोध किया और उन पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'चोट' पहुंचाने का आरोप लगाया।

सूत्रों ने बताया कि समिति बुधवार को रिपोर्ट स्वीकार करेगी, जिसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दलों के सदस्य अपनी असहमति जता सकते हैं। उन्होंने कहा कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्र के पहले चरण में विधेयक पारित करा सकता है क्योंकि उसके पास लोकसभा और राज्यसभा दोनों में बहुमत है।

द्रमुक के ए राजा ने आरोप लगाया कि समिति की कार्यवाही को 'मजाक' बना दिया गया है और 'रिपोर्ट इस समय तक तैयार की जा चुकी है'। उन्होंने कहा, ''अगर इसे संसद की मंजूरी मिल जाती है तो द्रमुक और खुद मेरी तरफ से, उच्चतम न्यायालय से नए कानून को निरस्त कराने के लिए अनुरोध किया जाएगा।''

।। जय भिक्षु।। ॐ अर्हम ।। जय महाश्रमण।।

**अष्टम पुण्यस्मरण पर हार्दिक श्रद्धांजलि**



स्वर्गवास 27.01.2017

**श्रीमती सरला बाबेल**

धर्मपत्नी : प्रकाशचन्द बाबेल

आपकी यादों के चिराग हमारे दिलों में हमेशा जलते रहेंगे
प्रण यही है हमारा आपके प्रदर्शित पथ पर हमेशा चलते रहेंगे।
हे आदरणीय अर्पित है, विनम्र हृदय से भावांजलि।
स्वीकार करें हे पुण्य आत्मा, हम सबकी यह श्रद्धांजलि।।

श्रद्धावनत

पति : प्रकाशचन्द बाबेल

पुत्र-पुत्रवधु : दीपक-रेखा, पुत्र : विकास

पौत्र, पौत्री : ध्रुव, यश्वी एवं समस्त बाबेल परिवार

मरुधर में ठीकरवास कलां, यशवंतपुर, बेंगलूरु

पुत्री-दामाद : वंदना-मनोजकुमारजी टुंकलिया, दोहित्र-दोहित्री : परी, रियांश

Firm

**SURABHI JEWELLERS**
**PRAKASH JEWELS & DIAMONDS**
YESHWANTHPUR, BANGALORE 560 022



दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## एसपी रोड

दक्षिण भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में से एक एसपी रोड में बेंगलूरु इलेक्ट्रॉनिक डीलर्स एसोसिएशन द्वारा 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल वरन्दानी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें एस पी रोड को स्वच्छ रखते हुए बीबीएमपी को सहयोग प्रदान करना है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ललित डाकलिया, सहमंत्री दिनेश चारण, सह-कोषाध्यक्ष रविन्द्र राजपुरोहित, ऋषिराजसिंह पुरोहित,प्रायोजक रैपिडो पार्सल कंपनी के एसोसिएट डाइरेक्टर सारंग पुरी, कैटगरी मैनेजर शान्तनु गोंडाने, कंपनी के एस पी रोड के रिलेशनशिप मैनेजर अदिती, साक्षी आदि ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में अनेक सदस्यों ने देशभक्ति की कविताएं प्रस्तुत की और देशभक्ति के गीत गाए।



# बिहार भवन में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद एवं राजेंद्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट केसंयुक्त तत्वावधान में बिहार भवन में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने किया। हरिश्चंद्र झा उनका सम्मान किया। इस मौके पर ट्रस्ट सचिव रामलखन सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी सीके करूण, संयोजक हरिश्चंद्र झा, परिषद अध्यक्ष एसके उपाध्याय, उदयकुमार ने देशभक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए। मिंटू दुबे, यशवंतसिंह, विनयकुमार, महिला मंडल हीरा झा, डेजी शर्मा, बिंदु देवी, माला देवी, निधि श्रीवास्तव, युवा मंडल दीपेश कुमार,राहुल शर्मा, रवि कुमार, आशीष मिश्रा, प्रवीण उपाध्याय, मनोज मिश्रा आदि भारत माता की जय के जयकारे लगाए। ध्वजारोहण के उपरांत सरस्वती पूजा की बैठक हुई जो 3 फरवरी को बिहार भवन में मनाई जाएगी। परिषद सचिव राजगुरु ने धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर

तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर ने गणतंत्र दिवस के मौके पर गवर्नमेंट हाई स्कूल जुगनहल्ली में ध्वजारोहण किया तथा हुआ। तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर महिला मंडल द्वारा सभी 130 बच्चों को स्टील की थाली, ग्लास, नोटबुक्स, स्टेशनरी आइटम्स और अन्य जरूरत का सामान भेंट किया गया। इस मौके पर मंत्री लता नवलखा, सहमंत्री सरिता संचेती, सुरेखा श्रीश्रीमाल, संगठनमंत्री रंजीता बोथरा, प्रचार प्रसार मंत्री सपना गन्ना, स्नेहा चौरडिया आदि उपस्थित थीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## तेरापंथ युवक परिषद हनुमंतनगर

भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में तेरापंथ युवक परिषद हनुमंतनगर द्वारा संचालित आचार्य श्री तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं डेंटल केयर श्रीनिवास नगर में ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर चेकअप शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 55 लोग लाभान्वित हुए।इस शिविर सहमंत्री नवरतन बोल्या, रक्षित लोढा, कोषाध्यक्ष धवल बोल्या, एटीडीसी संयोजक, सभा अध्यक्ष गौतम दक, संस्थापक अध्यक्ष रतन कटारिया, पूर्व अध्यक्ष महावीर चावत, परिषद अध्यक्ष कमलेश झाबक, उपाध्यक्ष राहुल मेहता व देवेंद्र आंचलिया आदि ने सहयोग किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्वास्थ्य शिविर

बेंगलूरु के तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरीनगर द्वारा संचालित आचार्य श्री तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर,डेंटल एवं आई केयर आरआर नगर एवं केंगेरी में कमलेश भरत डूंगरवाल परिवार के सहयोग से संपूर्ण स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें कुल 263 लोगों ने विभिन्न 44 जांच करवाई। अध्यक्ष बिकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत किया। शिविर में तेयुप मंत्री सुपार्श पटावरी सहित तेयुप पदाधिकारी, सदस्यगण व एटीडीसी टीम ने सहयोग दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर

तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर की सदस्याओं ने गणतंत्र दिवस के मौके पर रविवार को कन्या सुरक्षा स्तंभ पर ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान किया। मंडल की अध्यक्षा रिजु डुंगरवाल, उपाध्यक्षा लक्ष्मी बोहरा, सहमंत्री वीणा पोरवाल प्रचार मंत्री संगीता आंचलिया, संगठनमंत्री पवन संचेती सहित बहादुर सेठिया, कमल हीरावत,मदन बरमेचा, सुशील सिपानी आदि ने देशभक्ति के नारे लगाए।



# गणतंत्र दिवस पर की गौसेवा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस के संदर्भ में जैन युवक संघ अलसूर ने गौ माता के लिए रोटी गुड़ भोज का आयोजन किया। अलसूर एवं आसपास के क्षेत्रों की गृहणियों द्वारा बनाई 5000 रोटियों के अलावा प्रवासी समाज ने गुड़, खल, सब्जी, भाजी, केले के अलावा पक्षियों के लिए ज्वार, बाजरा, चने आदि दौड़निकुन्दी, कोरमंगला, हेन्नुर, एमईआजी आदि अनेक गौशालाओं में दान दिए। संघ के अध्यक्ष धनपतराज बोहरा, मंत्री अभयकुमार बांठिया, नेमीचंद चोरड़िया, प्रकाशचंद नाहटा, गौतमचंद छाजेड़ सहित अनेक जन उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## खागा

कर्नाटक होजरी एवं गारमेंट एसोसिएशन ने मामुलपेट स्थित सरकारी स्कूल के सामने गणतंत्र दिवस का आयोजन किया तथा झंडारोहण किया। अध्यक्ष प्रकाश भोजानी ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर सचिव कैलाश बालर ने बताया कि अनेक सदस्यों ने देशभक्ति के गीत गाए व जयकारें लगाए। झंडारोहण के बाद अन्नदान का आयोजन किया। इस मानवसेवी कार्य में उपाध्यक्ष राजेश खैरा, संयुक्त सचिव बिशनसिंह विराणा, जोगसिह पुरोहित, कोषाध्यक्ष जोगेश जैन, पूर्व अध्यक्ष दिलीप जैन, डूंगरमल चौपड़ा, चंपालाल जैन, छगनलाल जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





## रोटरी क्लब

मैसूरु के बन्नूर स्थित रोटरी संस्था में 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में रोटरी संस्था के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने भारती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर झंडारोहण किया। पुरोहित ने गणतंत्र के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रोटरी संस्था के गौरव अध्यक्ष बीसी पार्थसारथी, प्राचार्य लोकेश डी., व्यवस्थापक नंजुडस्वामी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## बीबीयूएल जैन विद्यालय

बेंगलूरु के केआर रोड स्थित महावीर जैन शिक्षक संघ द्वारा संचालित बीबीयूएल जैन विद्यालय के प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष चम्पालाल भंडारी ने सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हेमराज मन्नु, विमल खांटेड, चंपालाल जैन (वसंत), सहसचिव चम्पालाल दांतेवाड़िया, सदस्य मितेश बोहरा सहित प्राचार्य व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सबका साथ ग्रुप

मैसूरु के 'सबका साथ' ग्रुप की ओर से दिव्य दीपा चैरिटेबल ट्रस्ट में रह रहे बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। झंडारोहण के बाद ग्रुप सदस्यों ने बच्चों को पाठ्य सामग्री, मिठाई व उपहार वितरित किए। ग्रुप के अध्यक्ष मनीष मुणोत,अनिल श्रीश्रीमाल, दीपक खिवेंसरा, चिराग जैन आदि ने व्यवस्था संभाली।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु के लक्ष्मीपुरा स्थित अरोरा आयरिश अपार्टमेंट एसोसिएशन में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया तथा झंडारोहण किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुकेश कर्ण ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे।



# तेयुप विजयनगर ने बच्चों संग मनाया गया गणतंत्र दिवस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेयुप विजयनगर के सदस्यों ने तुमकुर रोड़ स्थित हायर प्राइमरी स्कूल हिरेहल्ली, टी बेगुर, सीबी ब्रह्मसंद्र गाँव में बच्चों के संग गणतंत्र दिवस मनाया व ध्वजारोहण किया। तेयुप विजयनगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास बांठिया, मंत्री संजय भटेवरा एवं गणमान्य अतिथियों ने गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी। मंत्री संजय भटेवरा ने छात्रों को नशा मुक्त एवं अच्छे नागरिक बनने का संकल्प करवाया। विभिन्न सहयोगियों के सौजन्य से चारों प्रज्ञा केंद्र व सरकारी विद्यालयों के लगभग 500 बच्चों को गिफ्ट वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में परिषद् के सहमंत्री पवन बैद, कोषाध्यक्ष अमित नाहटा आशीष सिंघी, बसंत डागा ने सेवा में सहयोग किया।



# 'जीतो' हुब्बल्ली ने दिव्यागों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। जीतो हुब्बल्ली चैप्टर ने प्रियदर्शिनी मूक-बधिर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के साथ स्पोर्ट्स पार्क में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया। ध्वजारोहण के बाद दिव्यांग बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों को मिठाई व उपहार दिए गए। जीतो के अनिलकुमार जैन, अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, मुख्य सचिव शरद मोमाया, प्रकाश कोठारी, भरत पटवारी, जेएलडब्ल्यू अध्यक्ष गीता चेड़ा, कविता बाफना, जेवाईडब्ल्यू अध्यक्ष अक्षय बागरेचा, नीरव मोमाया आदि ने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।



# 'कॉर्डियो कनेक्ट' के माध्यम से हृदय रोग के प्रति फैलाई जागरुकता, हुई स्वास्थ्य जांच

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ)सेंट्रल ब्रांच ने गांधीनगर सभा भवन में मेगा मेडिकल कैंप 'कार्डियो कनेक्ट' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में टीपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत माण्डोत, दक्षिण क्षेत्र के अध्यक्ष विक्रम कोठारी, गांधीनगर सभा के अध्यक्ष पारसमल भंसाली, तेयुप के अध्यक्ष विमल धारीवाल, विजयनगर सभा अध्यक्ष मंगल कोचर, आडुगुड़ी सभा अध्यक्ष स्वर्णमाला पोखरणा, टीपीएफ राष्ट्रीय पूर्व न्यासी एमसी बलदोटा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान महावीर जैन अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ डॉ. योगेश कोठारी द्वारा हृदय संबंधी व्याख्यान सत्र रहा। डॉ योगेश ने हृदय स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। इस शिविर में 10 जूनियर डॉक्टरों और सहायकों की टीम ने सहयोग दिया। इस शिविर में बायोमेट्रिक्स, जीआरबीएस, बी.पी. टेस्ट, ऊंचाई, वजन जाँच, ईसीजी, एको, विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञों से परामर्श का आयोजन किया जिसका 250 लोगों ने लाभ उठाया। मेगा मेडिकल कैंप कार्डियो कनेक्ट के संयोजन का कार्य डॉ. निशा मेहता और जितेंद्र आंचलिया ने किया।



# गणतंत्र दिवस समारोह के किया कार्यकर्ताओं का सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के भोजपुरी समाज सेवा समिति ने गणतंत्र दिवस के मौके पर इन्द्रिरानगर कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजयसिंह उज्जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने ईमानदारी के साथ देशभक्ति करने की अपील की तथा कहा कि सदैव ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी जेबी सिंह, एनके सिंह, रिपूमर्दन कुमार, डीके साव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, सहअध्यक्ष किरण पटेल, उपाध्यक्ष डीके साव, व्यवस्थापक जेपी सिंह एवं सह व्यवस्थापक गिरीशचन्द्र पाण्डेय के कार्यों को सराहा गया। समिति के महासचिव एवं अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड एलपी सिंह, सचिव गिरीश चन्द्र पाण्डेय, सचिव (सूचना एवं प्रसारण) रिपु मर्दन, कोषाध्यक्ष जेबी सिह, शिक्षाविद् दिनेश सिंह, राकेश पटेल एवं यदुनंदन यादव ने सभा को संबोधित किया।



# जेएटीएफ़ हॉस्टल में मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस उत्सव

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जीतो बेंगलूरु साउथ ने रविवार को देश के 76 वें गणतंत्र दिवस उत्सव का आयोजन जेएटीएफ़ बलदोटा गर्ल्स व गुलेच्छा बॉयज़ हॉस्टल में किया। अध्यक्ष ने विन्नि्न पदाधिकारियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में झंडारोहण किया। इस मौके पर चेयरमैन रणजीत सोलंकी ने भारत के संविधान की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जीतो के आदर्श व सिद्धांतों पर भी रोशनी डाली और ' लर्न, अर्न, रिटर्न' का फलसफा समझाया । विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और भविष्य में अपने दायित्वों के प्रति सचेत होने की दिशा में उन्होंने कहा कि विद्या अभ्यास के दिनों में लर्न यानी शिक्षा ग्रहण करने पर उन्हें ध्यान देना चाहिए । ग्रेज्यूशन के बाद अर्न यानी जीवन यापन के लिए कमाना मुख्य ध्येय होना चाहिए, पर साथ ही रिटर्न यानी समाज को वापस लौटाने के हितार्थ सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। जीतो साउ थ के मुख्य सचिव नितिन लूनिया ने विद्यार्थियों को जीतो के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके बाद हॉस्टल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप चेयरमैन राजेंद्र दांतेवाडिया व महेंद्र जियानी, सचिव कोमल भंडारी व प्रतीक गांधी, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र संकलेचा, प्रबंध समिति सदस्य हितेंद्र जैन,पुरुष हॉस्टल के सह-संयोजक सफ़ल साकरिया, गर्ल्स हॉस्टल की सहसंयोजिका चित्रा मेहता, समिति सदस्य निशा जैन, उर्मिला बरडिया और पूर्व संयोजक प्रवीण मूथा उपस्थित थे।



# बसवनगुडी दादावाड़ी में हुआ मुमुक्षु क्रिया का सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में मुनिश्री मलयप्रभसागरजी व साध्वीश्री प्रियस्वर्णांजनाश्रीजी की निश्रा में मुमुक्षु क्रिया दिनेशकुमार टिमरेचा का सम्मान किया गया। दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजराज मालानी, पूर्व अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष रणजीत ललवानी, प्रवक्ता अरविन्द कोठारी, बाबूभाई मेहता, अनिता दांतेवाडिया ने मुमुक्षु का सम्मान किया। प्रचार प्रसार संयोजक ललित डाकलिया ने बताया कि क्रिया टिमरेचा की दीक्षा 24 मार्च को मोकलसर में खरतर गच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी की निश्रा में साध्वीश्री कल्पलताश्रीजी के पास होगी। मुनिश्री मलयप्रभसागरजी और साध्वीश्री प्रियस्वर्णांजनाश्रीजी ने मुमुक्षु को आगामी संयम जीवन की शुभकामनाएं दी। मुमुक्षु अभिनन्दन समारोह में दादावाड़ी ट्रस्ट से जुड़ी समस्त संस्थाओं के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द कोठारी ने किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## जीतो बेंगलूरु नॉर्थ चैप्टर

जीतो बेंगलूरु नॉर्थ चैप्टर के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा मानेकशाह परेड ग्राउंड पर आयोजित राज्यस्तरीय 76वें गणतंत्र दिवस पर नॉर्थ से महामंत्री विजय सिंघवी, कार्यसमिति से सुनील लोढ़ा, दिनेश जैन, प्रमीत बाफना, जीतो लेडीज विंग की फाउंडर चेयरपर्सन निशा सामर, चेयरपर्सन लक्ष्मी बाफना, महामंत्री रक्षा छाजेड़, उपाध्यक्ष सुमन सिंघवी, सहमंत्री मीना बडेरा सहित कुल 80 सदस्य शामिल हुए। संयोजिका सुमन रांका और सह संयोजिका ज्योति सोलंकी ने व्यवस्थाओं को संभाला तथा प्रवेश पत्र की व्यवस्था हेतु रतनीबाई मेहता को धन्यवाद दिया। जीतो के उपस्थित सदस्य ऐतिहासिक गणतंत्र दिवस समारोह के साझी बनें।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**इकतीसा पाठ :** बेंगलूरु के जिनदत्तकुशलसूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल बसवनगुडी की ओर से हर घर इकतीसा का पाठ नरेंद्रकुमार अंकितकुमार पारख के निवास पर सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी, महामंत्री ललित डाकलिया ने गुरुदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। गायक सनी रांका, नितेश बोहरा, महावीर पारख, पारस पारख, मनन बोहरा, रिद्धिम छाजेड़ आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी।



# शोरूम में आग लगने से दस इलेक्ट्रिक वाहन जलकर खाक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर क्षेत्र में सोमवार दोपहर को इलेक्ट्रिक वाहन शोरूम में आग लगने से 10 वाहन जलकर खाक हो गए एवं 20 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। अग्निशमन अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना दोपहर 2.06 बजे अग्निशमन विभाग को मिलते ही दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

विभाग के अनुसार, आग शोरूम के तलघर और भूतल में लगी जहां दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन रखे हुए थे। आग में 10 वाहन पूरी तरह जल गए जबकि 20 अन्य वाहन आंशिक रूप से जल गये। हालांकि, आग पर काबू पा लेने की वजह से शोरूम की दो ऊपरी मंजिलों तक यह नहीं फैली, जिसमें कार्यालय की जगह शामिल है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग लगने के समय शोरूम के अंदर कुल पांच लोग मौजूद थे।

बाहर निकलने की प्रक्रिया के दौरान एक व्यक्ति के बिजली के तार से चोटिल होने पर एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी ने बताया। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

# तेजस्वी सूर्या ने सिद्दरामय्या से कहा, टनल रोड परियोजना में करदाताओं का पैसा बर्बाद ना करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और बेंगलूरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने सोमवार को राज्य सरकार से सवाल किया कि वह टनल रोड परियोजना के संबंध में करदाताओं का पैसा क्यों बर्बाद कर रही है।



परियोजना को अवैज्ञानिक बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इसकी रूपरेखा खराब है और इससे बेंगलूरु के यातायात संकट को हल करने का उद्देश्य हासिल नहीं होगा। कुछ दिन पहले मीडिया में खबर आई थी कि कर्नाटक सरकार ने केआर पुरम और नयनदहल्ली के बीच 28 किलोमीटर की प्रस्तावित दूसरी टनल रोड परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने को लेकर बोलियां आमंत्रित की हैं।

सूर्या ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को टैग करते हुए टनल रोड के हेब्बल-सिल्क बोर्ड खंड की घटिया डीपीआर और व्यवहार्यता रिपोर्ट के लिए सरकार की आलोचना की। भाजपा नेता के अनुसार, पहली डीपीआर में लागत बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई थी, डेटा में बुनियादी कमियां थीं, संदर्भ संबंधी अशुद्धियां थीं। भाजपा नेता ने पोस्ट में कहा, यह एक ऐसी कवायद है जो करदाताओं के पैसे की एक और बर्बादी है।

टनल रोड परियोजना की रूपरेखा खराब है, इस पर ठीक से विचार नहीं किया गया है और इससे बेंगलूरु के यातायात संकट को हल करने का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। सूर्या ने कहा कि डीपीआर में बेंगलूरु के 'मास्टर प्लान 2031' की भी अनदेखी की गई है, जिसमें सार्वजनिक परिवहन को अधिक महत्व दिया गया है, जैसे बीएमटीसी के बेड़े को 15,000 बसों तक विस्तारित करना।

भाजपा नेता ने कहा कि सरकार को बेंगलूरु के लिए टनल रोड की इस अवैज्ञानिक परियोजना को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा, इसके बजाय, बेंगलूरु के निवासियों के जीवन को आसान बनाने वाली जरूरी पहल को प्राथमिकता देनी चाहिए।



# दपरे ने 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

## शान से लहराया तिरंगा, शहीदों को किया नमन

हुब्बली/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) ने रविवार को हुब्बली के रेलवे इंस्टीट्यूट साउथ ग्राउंड में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड की सलामी ली और वीर शहीदों को नमन किया।

अपने संबोधन में अरविंद श्रीवास्तव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ माह के दौरान दपरे की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दपरे ने 6,001 करोड़ रुपए का सकल राजस्व प्राप्त किया, जिसमें यात्री राजस्व 2,354.21 करोड़ रुपए रहा, जो 1.58 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। माल ढुलाई राजस्व 3,264.76 करोड़ रुपए रहा। ट्रेन परिचालन में भी सुधार हुआ तथा इंटरचेंज दक्षता 2.6 प्रतिशत बढ़ गई, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिदिन औसतन 57.7 ट्रेनों का संचालन किया गया।

अरविंद श्रीवास्तव ने दपरे द्वारा शुरू की गईं प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कवच प्रणाली को 485 करोड़ रुपए की लागत से 1,568 आरकेएम में स्थापित किया जा रहा है। अतिरिक्त 2,148 आरकेएम के लिए स्वीकृति दी गई है। बेंगलूरु क्षेत्र में 1,043.63 करोड़ रुपए की लागत वाली स्वचालित सिग्नलिंग और यार्ड रीमॉडलिंग परियोजनाओं का उद्देश्य सुरक्षा और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि 248 करोड़ रुपए की लागत से बेंगलूरु बाईपास लाइन (6.14 किमी) को मंजूरी दी गई है। साथ ही प्रमुख खंडों के दोहरीकरण और चौगुनीकरण के लिए 1,556 किमी की 12 एफएलएस परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है। अरविंद श्रीवास्तव ने यात्री सेवाओं और समय की पाबंदी बढ़ाने के लिए दपरे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

गणतंत्र दिवस समारोह में डॉग स्क्वायड शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रेलवे के लिए आपदा प्रबंधन में तैयारी का प्रदर्शन करने के लिए नागरिक सुरक्षा विभाग की मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक केएस जैन, डीआरएम हुब्बली बेला मीणा, प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर एसडब्लूआरडब्लूडब्लूओ की अध्यक्ष नमिता श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# बैंक डकैती मामले में 18 किलो सोना और नकदी के साथ चारों डकैत गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलुरु। दक्षिण कन्नड़ के उल्लाल में एक सहकारी बैंक में 17 जनवरी को हुई डकैती के मामले में पुलिस ने चारों डकैतों को गिरफ्तार कर उनके पास से 18 किलो से ज्यादा सोना और 3.8 लाख रुपए नकद बरामद किया है। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि 17 जनवरी, 2025 को दोपहर करीब एक बजे कोटेकर व्यवसाय सेवा सहकारी संघ (एन) की तालापाडी शाखा में चार नकाबपोशों ने धावा बोला और हथियार के दम पर बैंक से नकदी और सोने के गहने लूट लिए। उन्होंने बताया कि जांच में बैंक में सीसीटीवी कैमरों के रखरखाव में कमी और मास्टर लॉकर खुले होने जैसी लापरवाही भी सामने आई जिससे डकैतों को मदद मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान कन्नन मणि (36 वर्ष), मुरुगंडी थेवर (36 वर्ष), योसुवा राजेंद्रन (35 वर्ष), और एम. शणमुगासुंदरम (65 वर्ष) के रूप में हुई है।

अग्रवाल ने बताया कि कन्नन मणि को 20 जनवरी को तिरुवन्नामलाई से गिरफ्तार किया गया। मुरुगंडी थेवर और योसुवा राजेंद्रन को 20 जनवरी को अंबा समादरमम से और एम. शणमुगासुंदरम को 23 जनवरी को अंबा समादरमम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपियों ने छह महीने पहले तालाजा जेल में एक स्थानीय सहयोगी शशि थेवर के साथ मिलकर डकैती की योजना बनाई थी। मुरुगंडी थेवर और अन्य ने तीन बार बैंक की रेकी की थी। पुलिस शशि थेवर की तलाश कर रही है।

अग्रवाल ने बताया कि 16 और 17 जनवरी को, मुरुगंडी और तीन आरोपी मुंबई के तिलक नगर से फिएट कार में निकले थे जबकि कन्नन मणि और एक अन्य आरोपी ट्रेन से मंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने कार की नंबर प्लेट दो बार बदली थी। सभी आरोपी सुरथकल में मिले और बैंक लूटा। लूट के बाद मुरुगंडी थेवर और योसुवा राजेंद्रन फिएट कार से तालापाडी गेट के रास्ते केरल भाग गए जबकि तीन अन्य आरोपी ऑटो, बस और ट्रेन से शहर से भाग निकले।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 18.314 किलोग्राम सोना और 3,80,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने दो पिस्तौल, तीन कारतूस, दो तलवारें और फिएट कार भी बरामद की हैं। अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और स्थानीय लोगों की भूमिका के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने स्वतंत्र एजेंसी से एमयूडीए मामले की जांच पर फैसला सुरक्षित रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एमयूडीए मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंपा जाए या नहीं, इस विषय पर कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपना आदेश सुरक्षित रखा है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मामले को सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपने का अनुरोध किया था। इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या, उनकी पत्नी पार्वती बी एम, उनके बहनोई मल्लिकार्जुन स्वामी और अन्य आरोपी हैं।

लोकायुक्त पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। याचिका दाखिल करने वाला कार्यकर्ता हालांकि इससे संतुष्ट नहीं है और उसका कहना है कि राज्य के लोकपाल की पुलिस शाखा अपने वरिष्ठ अधिकारी, जो कि मुख्यमंत्री हैं, के खिलाफ निष्पक्ष तरीके से जांच नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा, यह याचिका सीआरपीसी की धारा 226 और 482 के तहत इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का आह्वान करते हुए प्रस्तुत की गई थी, जिसमें मामले को सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंपने या अन्यथा वैकल्पिक रूप से प्रार्थना करने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने याचिकाओं पर सुनवाई करते समय समय-समय पर अपने न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, उक्त आदेश के अनुसरण में, संबंधित अदालत यानी सत्र अदालत के निर्देशों को 28 जनवरी, 2025 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसलिए, संबंधित अदालत द्वारा लोकायुक्त को या उससे पहले जो रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया था, उसे 28 जनवरी से पहले दाखिल किया जाना था। पीठ ने कहा, इस मामले की विस्तृत सुनवाई के मद्देनजर, मैं इसे निर्णय सुनाए जाने तक बढ़ाना उचित समझता हूं। निर्णय सुरक्षित रखा गया है।

एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्दरामय्या की पत्नी को मैसूर के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य एमयूडीए द्वारा अधिग्रहित उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था।



## बेंगलूरु मंडल ने गणतंत्र दिवस पर बताईं अपनी उपलब्धियां

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के बेंगलूरु मंडल ने यहां महात्मा गांधी रेलवे कॉलोनी के रेलवे ग्राउंड में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेंगलूरु मंडल रेल प्रबंधक अमितेश कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने दपरे महाप्रबंधक का संदेश पढ़ा, जिसमें जारी वित्तीय वर्ष में जोन की प्रमुख गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण दिया गया।

अमितेश कुमार सिन्हा ने कहा कि रेलवे परिचालन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। दपरे 'सुरक्षा पहले, सुरक्षा हमेशा' के सिद्धांत का पालन करती है। इस साल 66 कर्मचारियों को सुरक्षा में उत्कृष्टता के लिए 'सुरक्षा पुरस्कार' मिले और 5 को क्षेत्रीय स्तर पर यात्री सुरक्षा एवं जीवनरक्षक कार्यों में असाधारण योगदान के लिए 'रक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,104 करोड़ रुपए की लागत से 53 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य चल रहा है। इसके अलावा यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए 425 करोड़ रुपए की कुल लागत से 26 प्रमुख कार्यों को मंजूरी दी गई है। इसमें केएसआर बेंगलूरु स्टेशन पर दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्मों के निर्माण की एक महत्त्वपूर्ण परियोजना भी शामिल है, जिसकी लागत 222 करोड़ रुपए है।

इस अवसर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, शमा विद्याशाला और स्टेपिंग स्टोन रेलवे नर्सरी स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक परीक्षित मोहनपुरिया और आशुतोष माथुर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उमा शर्मा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ डॉ. श्रेयांस चिंचवड़े और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



## 'सुरक्षा, दक्षता, यात्री संतुष्टि' के संकल्प के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

मैसूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के मैसूरु मंडल ने अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करते हुए 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया। मंडल रेल प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल ने मैसूरु के यादवगिरि स्थित रेलवे खेल मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल तथा स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित परेड का निरीक्षण किया।

अपने संबोधन में शिल्पी अग्रवाल ने वित्तीय विकास, सुरक्षा उपायों, बुनियादी ढांचे में सुधार और यात्री सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में मंडल के उल्लेखनीय प्रदर्शन की जानकारी दी। जारी वर्ष की वित्तीय सफलता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि मैसूरु मंडल का कुल राजस्व 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया, जिसमें माल राजस्व 649.44 करोड़ रुपए और यात्री राजस्व 315.51 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

उन्होंने माल ढुलाई कार्यों में उल्लेखनीय वृद्धि का जिक्र किया, जिसमें ऑटोमोबाइल के 73 एनएमजी रेकों का लदान तथा खाद्यान्न परिवहन में वृद्धि शामिल हैं। इस मंडल ने 24.95 मिलियन यात्रियों को परिवहन सुविधा दी। वहीं, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए 94 प्रतिशत समय की पाबंदी बनाए रखी। आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल भी की गई। शिल्पी अग्रवाल ने कहा कि 308 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया तथा 342 को वित्तीय उन्नयन मिला। उन्होंने मंडल कर्मचारियों के टीमवर्क और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में, आने वाले वर्षों में सुरक्षा, दक्षता और यात्री संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाए रखने की सामूहिक प्रतिज्ञा की गई।

# केरल : वायनाड का 'आदमखोर' बाघ मृत पाया गया, उसके पेट में महिला के बाल और बालियां मिलीं

वायनाड/भाषा। केरल के वायनाड जिले में दो दिन पहले एक महिला की जान लेने वाला 'आदमखोर' बाघ सोमवार को मृत पाया गया और उसके पोस्टमार्टम में उसके पेट में महिला के बाल, कपड़े और बालियां पाई गई हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बाघ ने जंगल से सटे एक इलाके में कॉफी बीन्स इकट्ठा करने गई महिला पर हमला कर दिया था।

इस मादा बाघ की उम्र चार से पांच वर्ष बताई जा रही है जिसे सोमवार सुबह वन्यजीवकर्मियों के एक दल ने देखा और उसका पीछा किया, लेकिन बाद में उसे पिलाकावु में एक आबादी वाले इलाके में एक घर के पीछे बेसुध पाया।

बाद में दिन में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद वन अधिकारियों ने बताया कि बाघ की गर्दन पर ताजा एवं गहरे घाव पाए गए हैं जिसके कारण उसकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि जंगल में एक अन्य बाघ के साथ संघर्ष के दौरान ये चोटें आईं।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह वही बाघ है जिसने शनिवार को पंचराकोली क्षेत्र में राधा नामक महिला को मार दिया था। उन्होंने बताया कि बाघ के पोस्टमार्टम के दौरान उसके पेट में महिला के बाल, कपड़े और बालियां पाई गई हैं।

इससे पहले महिला की मौत से क्षेत्र में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसके कारण राज्य सरकार को रविवार को बाघ को 'आदमखोर' घोषित करना पड़ा तथा उसे मारने का आदेश देना पड़ा। मुख्य पशु सर्जन डॉ. अरुण जकारिया के नेतृत्व में वन्यजीव कर्मियों की एक विशेष टीम, इस क्षेत्र में लगातार खोज अभियान में जुटी हुई थी और दिन-रात बाघ का पता लगाने के लिए काम कर रही थी।

मुख्य वन संरक्षक (उत्तरी सर्किल) केएस दीपा ने कहा कि रविवार रात बाघ को बेहोश करने का प्रयास किया गया था, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया कि बाद में, बाघ पिलाकावु क्षेत्र में मृत पाया गया। दीपा ने कहा, ''हमें रात 12:30 बजे इस क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी का पता चला। डॉ. जकारिया के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गश्त और भ्रमण कर रही थी।''

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भूमि आवंटन मामले में सिद्दरामय्या की पत्नी और मंत्री को जारी नोटिस पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले के सिलसिले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की पत्नी पार्वती बी. एम. और शहरी विकास मंत्री बी. सुरेश को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी नोटिस पर सोमवार को रोक लगा दी। ईडी ने पार्वती को मंगलवार को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समन जारी किया था, जबकि सुरेश को सोमवार को गवाही देने के लिए कहा था।

एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्दरामय्या की पत्नी को मैसुरु के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किये गए, जिसका मूल्य उनकी (पार्वती की) उस जमीन की तुलना में अधिक था, जिसे प्राधिकरण ने अधिग्रहीत किया था। एमयूडीए ने पार्वती की 3.16 एकड़ जमीन के बदले में 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किये थे।

विवादास्पद योजना के तहत, प्राधिकरण ने आवासीय लेआउट बनाने के लिए, भूमि गंवाने वालों को उनसे अधिग्रहीत अविकसित भूमि के बदले में 50 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित की थी। यह आरोप है कि मैसुरु तालुका के कसारे गांव में सर्वे संख्या 464 वाली 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कानूनी स्वामित्व नहीं था। लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय, दोनों ही इस मामले की जांच कर रहे हैं।

# चार स्कूलों को बम होने की धमकी देने वाले ईमेल मिले

मंगलुरु(कर्नाटक)/भाषा। मंगलुरु के तीन स्कूलों अत्तावार के मणिपाल स्कूल, प्रेसीडेंसी स्कूल एवं पीयू कॉलेज और नीरमर्गा के पास कैम्ब्रिज स्कूल के अलावा उडुपी शहर के कुंजिबेट्टू में स्थित शारदा आवासीय स्कूल को आज उनके परिसर में आइईडी होने के धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिससे इन विद्यालयों और छात्रों के अभिभावकों में हड़कंप मच गया। लेकिन पुलिस जांच में इन स्कूलों से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं प्राप्त हुई।

मंगलुरु एवं उडुपी पुलिस की विज्ञप्ति में सोमवार को बताया गया कि ईमेल में इन विद्यालयों के परिसर में 'इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) होने की बात कही गयी थी जो कि एक तरह की विस्फोट सामग्री (बम) है।

# केनरा बैंक का मुनाफा 4,104 करोड़ रु. रहा

नई दिल्ली/दक्षिण भारत। केनरा बैंक का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 12.25 प्रतिशत बढ़कर 4,104 करोड़ रुपए रहा है। बैंक का गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 3,656 करोड़ रुपए रहा था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी कुल आय 11.7 प्रतिशत बढ़कर 36,114 करोड़ रुपए हो गई, जो गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 32,334 करोड़ रुपए थी। बैंक का 31 दिसंबर, 2024 तक जीएनपीए अनुपात 3.34 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर,



2023 तक 4.39 प्रतिशत था। इसके अलावा, बैंक का एनएनपीए अनुपात दिसंबर, 2024 तक 0.89 प्रतिशत रहा, जो दिसंबर, 2023 तक 1.32 प्रतिशत था।

केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सत्यनारायण राजू ने कहा, 'हमने 3.5 प्रतिशत सकल एनपीए रहने का अनुमान जताया है। हम पहले से ही 3.34 प्रतिशत पर हैं। एक और तिमाही बाकी है, हम तीन प्रतिशत को छू सकते हैं या यह तीन प्रतिशत से नीचे भी जा सकता है। हमारा पूर्वानुमान 3.5 प्रतिशत है और हम पहले ही इसे हासिल कर चुके हैं।'

जानकारी के मुताबिक, बैंक की शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 2.85 प्रतिशत घटकर 9,149 करोड़ रुपए रह गई। बैंक ने यह भी कहा कि उसने दिसंबर, 2024 के आखिर तक समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (के मुकाबले प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में 44.33 प्रतिशत और कृषि ऋण में 21.04 प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। इनके लिए मानक क्रमशः 40 प्रतिशत और 18 प्रतिशत हैं।

# 'महान नेताओं के सामूहिक दृष्टिकोण ने हमें विविधतापूर्ण संविधान दिया'

## रेल पहिया कारखाना ने 76वां गणतंत्र दिवस मनाया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। रेल पहिया कारखाना ने 76वां गणतंत्र दिवस आरडब्ल्यूएफ स्टेडियम में मनाया। महाप्रबंधक चंद्रवीर रमण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे महान नेताओं के सामूहिक दृष्टिकोण ने हमें विविधतापूर्ण और जीवंत लोकतांत्रिक संविधान दिया है। चंद्रवीर रमण ने विभिन्न विभागों की उपलब्धियों का उल्लेख किया और सराहनीय कार्यों पर प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में आरडब्ल्यूएफ ने 1,53,668 पहिए, 66,001 एक्सल और 75,592 व्हीलसेट का उत्पादन किया है। उन्होंने कहा कि व्हील शॉप ने जुलाई 2024 में 700 हीट्स का उपयोग किया और 20,024 पहियों का उत्पादन किया, जो आरडब्ल्यूएफ के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। आरडब्ल्यूएफ ने विभिन्न वैगन निर्माताओं और रेलवे को 10,272 व्हीलसेट भेजे हैं। चंद्रवीर रमण ने बताया कि आरडब्ल्यूएफ अस्पताल ने एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्था की, जो 9-26 वर्ष की लड़कियों के लिए गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए एक निवारक टीका है। यह रेलवे अस्पताल टीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता है। इसके लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। समारोह के दौरान आरडब्ल्यूएफ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष शिवानी सिंह ने केवी/आरडब्ल्यूएफ के कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉपर्स को पुरस्कार दिए। उन्होंने बाद में संगठन की अन्य पदाधिकारियों के साथ रेलवे अस्पताल में फल वितरित किए तथा मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



# राज्यपाल ने देश के विकास में सभी की भागीदारी का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विविधता में एकता पर जोर देते हुए देश के विकास में सभी की समान भागीदारी का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के स्थापना दिवस पर राजभवन में यहां सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल बागड़े ने इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्थानीय निवासियों को शुभकामनाएं देते हुए 'विकसित भारत' में सभी की समान भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने राज्यों के नामकरण में निहित संस्कृति और उनकी विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा कि हर राज्य भारत की श्रेष्ठ संस्कृति से जुड़ा है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार बागड़े ने रियासतों के एकीकरण के बाद बने विभिन्न राज्यों की प्रगति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें वहां के नागरिकों की भी महती भूमिका रही है।

राज्यपाल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत राज्यों के स्थापना दिवस मनाए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजभवन में इस तरह के आयोजन परस्पर संस्कृतियों के साझा संबंधों को दर्शाते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

# दौसा में युवक की चाकू मारकर हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में 35 साल के एक युवक की चाकू से हमला करके हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र की सतकार कॉलोनी में हुई जहां विनोद बैरवा की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, विनोद का राहुल मीणा नामक व्यक्ति से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था और दोनों में रविवार को कहासुनी हुई थी।

पुलिस ने कहा कि रविवार रात राहुल एक अन्य व्यक्ति के साथ विनोद के घर गया और उसपर चाकू से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी उसे बचाने के लिए दौड़े और उसे अस्पताल ले गए जहां अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने पद्मपुरस्कार के लिए चुने गए लोगों को बधाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य से पद्मपुरस्कार के लिए चुने गए लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह राज्य के लिए गौरव का क्षण है कि राजस्थान के शीन काफ निजाम (शिव किशन बिस्सा), बतूल बेगम और बैजनाथ महाराज को पद्मपुरस्कार के लिए चुना गया।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, राजस्थान की विख्यात लोक गायिका बतूल बेगम जी, आध्यात्मिक गुरु बैजनाथ महाराज जी तथा साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए शीन काफ निजाम जी (शिव किशन बिस्सा) को भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित पद्मपुरस्कार 2025 की सूची में सम्मिलित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, आप सभी की यह उपलब्धि राजस्थान के लिए गौरव का क्षण है। शर्मा ने कहा कि समर्पण और सेवा की भावना से अर्जित उनकी असाधारण उपलब्धियां नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा, इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शीन काफ निजाम (साहित्य और शिक्षा), बतूल बेगम (कला) और बैजनाथ महाराज (अध्यात्म) को पद्मपुरस्कार देने की घोषणा की है।

बतूल बेगम जयपुर की एक प्रसिद्ध मांड और भजन लोक गायिका हैं, जो राजस्थानी लोकगीतों में माहिर हैं। मुस्लिम समुदाय से होने के बावजूद उन्होंने भगवान गणपति और राम के भजन भी गाए हैं।

भजनों की बेगम के नाम से लोकप्रिय 68 वर्षीय बेगम हाशिए पर पड़े मीरासी समुदाय से आती हैं और बालिका शिक्षा की प्रबल समर्थक हैं। शीन काफ निजाम जोधपुर की एक उर्दू कवि और साहित्यिक विद्वान हैं और उन्होंने कई कविता संग्रह प्रकाशित किए हैं। बैजनाथ महाराज सीकर से हैं और वह लक्ष्मणगढ़ में श्रद्धानंद आश्रम के मुख्य पुजारी हैं।

# जोधपुर में 'धोखा' दिए जाने से गुस्साए व्यक्ति ने की अपने कारोबार साझेदार के दो बच्चों की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। जोधपुर में अपने कारोबार साझेदार के 'विश्वासघात' से गुस्साए 70 वर्षीय व्यक्ति ने उसके दो बच्चों को स्कूल से अपने घर ले जाकर कथित तौर पर उनकी हत्या कर दी तथा शवों को फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना यहां बोरानाडा की है। बच्चों के शव रविवार को बरामद हुए। बच्चों के परिवार ने दो दिन पहले ही उनके लापता होने ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि उसे घटनास्थल पर एक नोट मिला है, जिसमें आरोपी ने कथित तौर पर चूड़ी कारखाने में साझेदारी में मिले 'धोखे' के कारण बच्चों की हत्या करने की बात स्वीकार की है, तथा आत्महत्या करने की अपनी मंशा का भी जिक्र किया है।

पुलिस ने बताया कि तमन्ना उर्फ तन्नू (12) और शिवपाल (8) शुक्रवार को स्कूल के लिए घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। उनके परिवार ने उनकी तलाश की और आखिरकार शनिवार को बोरानाडा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। डीसीपी (पश्चिम) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि आरोपी श्याम सिंह भाटी ने नौ महीने पहले प्रदीप देवसाई के साथ मिलकर चूड़ी बनाने का कारखाना शुरू किया था। हालांकि, देवसाई ने कुछ कारणों से साझेदारी समाप्त कर दी। वे दोनों करीब 20 साल से एक-दूसरे को जानते थे।

वर्मा ने कहा, इससे भाटी के मन में देवसाई के परिवार के प्रति नाराजगी पैदा हुई और उसने उसके परिवार को खबक सिखाने की ठानी। मौका पाकर भाटी ने देवसाई के दो बच्चों की हत्या कर दी। उनके शव उसके (भाटी के) कारखाने के पास स्थित उसके किराए के घर में पाए गए। उन्होंने बताया कि भाटी फरार है और उसे पकड़ने के लिए तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों बच्चे पाल के एक स्कूल में पढ़ते थे। दो दिन पहले आरोपी बच्चों को घर छोड़ने के बहाने स्कूल से ले गया और उन्हें चूड़ी कारखाने के पास अपने घर ले आया। यह स्थान बोरानाडा में जैन मंदिर के पास है। पुलिस ने बताया कि उसने वहां उनकी हत्या कर दी और शवों को लटका दिया। प्रारंभिक जांच के अनुसार भाटी ने चूड़ी कारखाने में पैसा लगाया था और देवसाई वहां कारीगर के रूप में काम करता था। कुछ मतभेदों के कारण देवसाई ने साझेदारी समाप्त कर दी जिससे भाटी को आर्थिक नुकसान हुआ। वर्मा ने बताया कि घटनास्थल पर मिले नोट में भाटी ने लिखा है कि उसके साथी ने उसे 'धोखा' दिया है जिसके कारण वह अपनी भी जान लेना चाहता है। देवसाई का परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह चूड़ी कारीगर है। भाटी राजस्थान के फलौदी से है।



# हंगामे की भेंट चढ़ी नगर निगम ग्रेटर की बैठक, मेयर की टेबल पर मिठाई के डिब्बे में रखा कचरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा की बैठक सोमवार को विवादों और हंगामे के बीच हुई। मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में शुरू हुई इस बैठक में कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद काली पट्टी बांधकर पहुंचे और 'नगर निगम एकीकरण रद्द करो' के पोस्टर लहराए। बैठक वंदे मातरम के साथ तय समय से 36 मिनट की देरी से शुरू हुई।

बैठक की शुरुआत दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने और दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद सभा 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। जैसे ही बैठक दोबारा शुरू हुई, कांग्रेस पार्षद करण शर्मा ने मिठाई के डिब्बे में कचरा रखकर मेयर की टेबल पर रख दिया। उन्होंने कहा, यह जनता ने भेजा है, इसे स्वीकार करें। हालांकि, मेयर उस समय कुर्सी छोड़ चुकी थीं।

बैठक में जगतपुरा में 100 फीट रोड पर पट्टे जारी करने का मामला उछला। भाजपा पार्षद रामस्वरूप मीणा और श्रवणी देवी ने इस पर कड़ा विरोध जताया और गलत पट्टे जारी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। रामस्वरूप मीणा ने मेयर के सामने दंडवत बैठकर पट्टा निरस्त करने की मांग रखी। सदन में विपक्ष ने महापौर मुर्दाबाद के पोस्टर लहराए। सदन की वेल में पहुंचकर हंगामा किया। इस बीच श्रवणी देवी और ममता बांगड़ा के बीच तीखी बहस हुई, जब ममता ने श्रवणी के हाथ से कागज फाड़ दिया। विवादों और हंगामे के कारण बैठक को बार-बार स्थगित करना पड़ा। आखिरकार, माहौल शांत करने के लिए मेयर ने रामस्वरूप मीणा और श्रवणी देवी को अपने कक्ष में बुलाकर उनकी बात सुनी। नगर निगम ग्रेटर की यह बैठक मुद्दों पर चर्चा के बजाय हंगामे और विरोध प्रदर्शनों के कारण सुर्खियों में रही। विपक्ष और पक्ष के पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अलवर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त इकाई का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के अलवर में जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने सोमवार को महिलाओं की सुरक्षा के लिये कालिका गश्त इकाई का शुभारंभ किया गया। पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका ने बताया कि इसके तहत रात्रि में कोई भी महिला सड़क पर अकेली खड़ी है या कोई उसे परेशान कर रहा है, उसकी सहायता के लिये यह गश्त इकाई काम करेगी। उन्होंने बताया कि अलवर में इसके लिये 20 महिला कांस्टेबल काम करेंगी, जो डे नाइट शिफ्ट में होगी, इनके लिये पांच स्कूटी उपलब्ध करायी गयी हैं, जो 12-12 घंटे की शिफ्ट में काम करेंगी। रात में कोई महिला अकेली खड़ी है या किसी को कोई परेशान होती है तो यह कालीका गश्त इकाई के तहत काम करने वाली महिला कांस्टेबल उन तक पहुंचेगी। राजकैप में एक नीड हेल्प करके ऐप है उसके माध्यम से सहायता मांगी जायेगी। उसके माध्यम से यह शिकायत स्टेट कंट्रोल रूम जायेगी, वहां से जिला कंट्रोल रूम जाकर महिला की सहायता की जायेगी और वहीं इस लोकेशन के आधार पर यह पुलिसकर्मी वहां पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि राजकैप में नीड हेल्प एप्लीकेशन को अब तक 1100 महिलाओं ने डाउनलोड कर लिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिये प्रशिक्षण भी दिया गया है, जो हर तरीके की मदद की जायेगी।



# पुलिस मुख्यालय में शान से लहराया तिरंगा, पारंपरिक हर्षोल्लास और देशभक्ति से सराबोर माहौल में हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। महानिदेशक पुलिस एससीआरबी, साइबर अपराध एवं तकनीकी सेवाएं हेमंत प्रियदर्शी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8:00 बजे पुलिस मुख्यालय में तिरंगा फहराया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पारंपरिक हर्षोल्लास और देशभक्ति से सराबोर माहौल में हुआ। समारोह में प्रियदर्शी ने परेड की सलामी लेने के बाद सम्मान गार्ड का निरीक्षण किया और सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ दीं। समारोह में मौजूद पुलिस अधिकारियों, जवानों और पुलिस मुख्यालय के कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इज़हार किया।

समारोह में प्रियदर्शी ने चयनित कर्मचारियों को महानिदेशक पुलिस प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र प्रसाद उमानन्द, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सांगा राम, कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह राजपुरोहित, कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्ड बटालियन्स राजस्थान में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राम सिंह मीणा, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला बारां में सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुबारिक हुसैन, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला भीलवाडा में सहायक प्रशासनिक अधिकारी भंवर सिंह कानावत, संस्थापन शाखा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोविंद स्वरूप मेघवाल, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उदयपुर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार मीणा एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा में वरिष्ठ सहायक नन्द सिंह राठौड को प्रशंसा पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अनिल पालीवाल एवं हवा सिंह घुमरिया सहित महानिरीक्षक पुलिस, उपमहानिरीक्षक पुलिस रैंक के वरिष्ठ अधिकारी सहित पुलिस मुख्यालय में कार्यरत अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी सहित मंत्रालयिक वर्ग के कार्मिक मौजूद रहे।



# राजस्थान हाईकोर्ट में तीन न्यायाधीशों ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट में आज सवेरे तीन नवनियुक्त न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यपीठ जोधपुर में आयोजित इस समारोह में मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने तीनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 हो गई है। सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति भवन से चन्द्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चन्द्रप्रकाश श्रीमाली के नामों का नियुक्ति वारंट जारी किया गया था। यह नियुक्ति न्यायिक अधिकारी कोटे से की गई है।

शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे हाईकोर्ट के झालामंड स्थित मुख्यपीठ के कोर्ट रूम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने तीनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। समारोह में हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, दिनेश मेहता, विनीत कुमार माथुर, बिरेंद्र कुमार, मनोज कुमार गर्ग, मुन्नुरी लक्ष्मण, फरजंद अली, रेखा बोराणा, कुलदीप माथुर, डॉ. नूपुर भाटी और योगेंद्र कुमार पुरोहित मौजूद रहे। जयपुर पीठ के सभी न्यायाधीशों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह में भाग लिया। शपथ ग्रहण समारोह में बार काउंसिल के पदाधिकारी, राज्य सरकार के महाधिवक्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता, राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पुरोहित, अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

बीते सप्ताह में राजस्थान हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों के सेवानिवृत्त होने के कारण न्यायालय में मामलों के निस्तारण पर असर पड़ा था। तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद उम्मीद है कि न्यायालय में लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।

# उपचुनाव में भाजपा की जीत के सदमे से अभी नहीं उबर पाई कांग्रेस : महरिया

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के भाजपा नेताओं को लेकर दिए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के सदमे से अभी उबर नहीं पाई है, इसलिए उसके नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। महरिया ने अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने डोटासरा के बयान की निंदा करते हुए कहा कि संविधान के पावन पर्व के अवसर पर डोटासरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित अन्य नेताओं पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके सारी हदें पार कर दी है। उन्होंने कहा कि डोटासरा को संविधान की बात करने से पहले यह सोचना चाहिए कि देश में आपातकाल किसने लगाई। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस ने हमेशा परिवारवाद की राजनीति की है।

# पशुपालकों के अमूल्य पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



डीग। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के पशुपालकों के अमूल्य पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य पशुपालकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना और उनके पशुधन की मृत्यु की स्थिति में आर्थिक नुकसान से बचाना है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए प्रदेश के सभी जनाधार कार्ड धारक पशुपालक पात्र होंगे। पशुपालकों को बीमा विभाग के एप/सॉफ्टवेयर पर आवेदन करना होगा। मोबाईल ऐप/वेबपोर्टल पर आवेदन की दिनांक बढ़ा कर अब 31 जनवरी कर दी गई है।

बीमा के लिए लॉटरी द्वारा पशुपालकों का चयन किया जाएगा। प्रदेश के गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक पशुपालक और लखपति दीदी पशुपालकों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्रमशः 16 और 12 प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। बीमा के लिए पशुओं की टैगिंग अनिवार्य है। चयनित पशुपालक के अधिकतम 2 दुधारू पशु (गाय, भैंस अथवा दोनो)/ 10 बकरी / 10 भेड / 1 उष्ट्र वंश पशु का निःशुल्क बीमा किया जाएगा। यह बीमा उन्हीं पशुओं का होगा जो किसी अन्य योजना के तहत बीमित नहीं हो। यह बीमा एक वर्ष के लिए किया जाएगा और पशुपालक को इसके लिए कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। बीमा राशि का निर्धारण पशु की नस्ल, उम्र व दुग्ध उत्पादन क्षमता के आधार किया जायेगा लेकिन किसी भी स्थिति में बीमा की अधिकतम राशि 40 हजार रुपये से अधिक नहीं होगी। पशुओं के बीमा के लिए निर्धारित उम्र अनुसार गाय की उम्र 3 से 12 वर्ष और भैंस की 4 से 12 वर्ष होनी चाहिए।

इसी प्रकार बकरी और भेड़ की उम्र 1 से 6 वर्ष जबकि ऊंट की उम्र 2 से 15 वर्ष होनी चाहिए। योजना का क्रियान्वयन ट्रस्ट मोड पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा किया जाएगा जबकि पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग (साधारण बीमा) विभाग चयनित पशुपालकों के पशुओं का बीमा कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत / राजस्व ग्राम हेतु तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित करेगा जिसकी सूचना पशुपालकों को एसएमएस या अन्य माध्यम से दी जायेगी।










# गणतंत्र दिवस : कर्तव्य पथ पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, सैन्य शक्ति का प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्तव्य पथ पर रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में भारत की नई सामरिक मिसाइल ''प्रलय'', टी-90 टैंक और युद्ध के मैदान में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल तथा समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, सैन्य शक्ति, आर्थिक प्रगति और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में की गई प्रगति को प्रदर्शित किया गया। हर साल की तरह, सैन्य साजोसामान 90 मिनट की रंगारंग परेड का मुख्य आकर्षण रहा, जो पूर्वाह्न 10.30 बजे शुरू हुई।

वीवीआईपी मंच पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उपस्थित थे, जो इस साल के समारोह के लिए मुख्य अतिथि थे। उनके देश (इंडोनेशिया) के सैन्य बैंड की एक टुकड़ी ने परेड का नेतृत्व किया। मुर्मू और सुबियांतो, पारंपरिक बग्घी में सवार होकर कर्तव्य पथ पर पहुंचे। यह परंपरा 40 साल के अंतराल के बाद 2024 में फिर से शुरू की गई थी। वे भारतीय सेना की सबसे सीनियर रेजिमेंट, राष्ट्रपति के अंगरक्षक दल के सुरक्षा घेरे में थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री, देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी, विदेशी राजनयिक, वरिष्ठ अधिकारी और देश-विदेश के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। परेड और हेलीकॉप्टर एवं लड़ाकू विमानों की फ्लाई पास्ट देखने के लिए सुबह ही हजारों की संख्या में लोग पहुंच चुके थे। सी-130जे सुपर हरक्यूलिस, सी-295, सी-17 ग्लोबमास्टर, डोर्नियर, एएन-32, राफेल, जगुआर और सुखोई-30 सहित अन्य विमानों ने फ्लाईपास्ट में भाग लिया। सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह में शरीक होने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में, भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। अपनी तरह के पहले प्रदर्शन में 5,000 से अधिक लोक एवं आदिवासी कलाकारों ने देश के विभिन्न हिस्सों की 45 नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। ''जयति जय मम भारतम'' शीर्षक वाली 11 मिनट की सांस्कृतिक प्रस्तुति को संगीत नाटक अकादमी ने तैयार किया था।

लकड़ी के खिलौनों से लेकर महाकुंभ तक -- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 16 झांकियां और केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की 15 झांकियों में देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं विविध परंपराओं की झलक देखने को मिली। इसके अलावा, ब्रह्मोस, पिनाका और आकाश सहित कुछ अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का भी प्रदर्शन किया गया। साथ ही सेना की युद्ध निगरानी प्रणाली ''संजय'' और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल ''प्रलय'' ने पहली बार परेड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टी-90 ''भीष्म'' टैंक, सारथ (पैदल सेना को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने वाला वाहन बीएमपी-2), 'शॉर्ट-स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम' 10 मीटर, नाग मिसाइल प्रणाली, मल्टी-बैरल रॉकेट-लॉन्चर सिस्टम ''अग्निबाण'' और ''बजरंग'' (हल्के विशिष्ट वाहन) को भी परेड में गौरवपूर्ण स्थान मिला। देश ने संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ''स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास'' की थीम पर आधारित ''विरासत'' और ''विकास'' का प्रतीकात्मक संगम भी प्रदर्शित किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सफेद कुर्ते-पायजामे के साथ गहरे भूरे रंग का बंद गले का कोट और लाल-पीले रंग का साफा पहना हुआ था तथा विशिष्ट अवसरों पर चमकीला व रंग-बिरंगा साफा पहनने की अपनी परंपरा को जारी रखा।

देश की विविधता प्रदर्शित करते हुए रंग-बिरंगे परिधान पहने 300 सांस्कृतिक कलाकारों ने कर्तव्य पथ पर 'सारे जहां से अच्छा' की धुन पर मार्च करते हुए 76वें गणतंत्र दिवस परेड की शुरुआत की।



## इंडोनेशिया के नौसेना प्रमुख ने एडमिरल त्रिपाठी, सीडीएस जनरल चौहान के साथ बातचीत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** इंडोनेशिया के नौसेना प्रमुख एडमिरल मुहम्मद अली ने सोमवार को अपने भारतीय समकक्ष एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के साथ अलग-अलग वार्ता की, जिसमें प्रमुख जलमार्गों की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय समुद्री संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो द्वारा क्षेत्र में सुरक्षित समुद्री मार्ग की दिशा में संयुक्त रूप से काम करने की प्रतिबद्धता जताने के दो दिन बाद ये बैठकें हुईं। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत की पृष्ठभूमि में दोनों देशों द्वारा समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने का संकल्प लिया गया। भारतीय नौसेना ने कहा कि एडमिरल त्रिपाठी और एडमिरल अली के बीच बैठक समुद्री सहयोग को प्रगाढ़ करने और 'दो करीबी' समुद्री पड़ोसियों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित थी। उसने कहा, ''उनकी चर्चा संचालन, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित थी।'' भारतीय नौसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों देशों की नौसेनाएं साझा समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बढ़ी हुई अंतर-संचालन क्षमता, प्रशिक्षण और मजबूत तरीके से सूचना साझा करने के माध्यम से समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें खरीदने का इच्छुक है और अगले कुछ महीनों में इस संबंध में घोषणा हो सकती है।

## टीम कोकोनट बनी सिवांची प्रीमियर लीग विजेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय सिवांची युवा जैन मंडल ने नेशनल ग्राउंड्स पर सिवांची प्रीमियर लीग के 7वें संस्करण का आयोजन किया जिसमें 500 से अधिक उत्साही दर्शकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शीर्षक प्रायोजक पारसमल अनिलकुमार, मनोजकुमार कांकरिया परिवार सहित अन्य प्रायोजकों का सम्मान संस्था द्वारा किया गया। फाइनल मैच बालार ब्लास्टर्स टीम और टीम कोकोनट के बीच हुआ्। जीतू बागरेचा की कप्तानी में टीम कोकोनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया ।





## टीपीएफ वेस्ट ने 100 पौरकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम बेंगलूरु वेस्ट शाखा ने तेयुप राजाजीनगर के साथ मिलकर बीबीएमपी के पौरकर्मियों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडुराव, शिक्षक विधायक पुट्टन्ना, राज्य महिला विकास निगम की अध्यक्ष पद्मावती, टीपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत मांडोत, साउथ अध्यक्ष विक्रम कोठारी, वेस्ट अध्यक्ष ललित बेंगानी आदि उपस्थित थे। इस शिविर में 100 से अधिक पौरकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

गणतंत्र दिवस के मौके पर अन्नदान का भी आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर में एटीडीसी संयोजक रजत बैद, शिविर के संयोजक तरुण पटावरी, सहसंयोजक त्रिशाल दुगड, पूर्व अध्यक्ष हितेश गिरिया, निर्मल संचेती, पुष्पराज चोपड़ा आदि ने सेवा प्रदान की।



## गणतंत्र दिवस पर रक्तदान शिविर में 90 युवाओं ने किया रक्तदान

हुब्बल्ली। शहर के तेरापंथ युवक परिषद द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर तेरापंथ भवन में एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 90 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। राष्ट्रोत्थान ब्लड बैंक के सहयोग से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सभा संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। वैभव सारीस के चौपड़ा परिवार के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में संयोजक सागर पालगोता और सहसंयोजक संतोष बोहरा सहितअध्यक्ष विशाल बोहरा, मंत्री विनोद भंसाली, तेयुप उपाध्यक्ष महावीर बागरेचा, सहमंत्री अनिल संकलेचा, संदीप पालगोता, संतोष कोठारी ने शिविर की व्यवस्था संभाली।

### तेरापंथ भवन गांधीनगर में एक्युप्रेशर शिविर 30 से

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ सभा बेंगलूरु के तत्वावधान में 30 जनवरी से छह दिवसीय एक्युप्रेशर शिविर का आयोजन गांधीनगर तेरापंथ भवन में किया जा रहा है। मंत्री विनोद छाजेड़ ने बताया कि इस शिविर में सेवार्थी संस्था डा.राम मनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान हनुमानगढ़ के योग्य थैरेपिस्ट रविन्द्र कुमार एवं उनकी टीम द्वारा उपचार एवं सेवाएं दी जाएगी। सभा अध्यक्ष पारसमल भंसाली ने बताया कि इस शिविर में बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी भाग ले सकते है। शिविर संयोजक अशोक श्रीश्री माल ने बताया कि शिविर दो चरणों में होगा।

## 'भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में खेल अहम भूमिका निभा सकते हैं'



**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यहां कहा कि भारत को आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में खेल एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने कहा कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की प्रतिबद्धता उसकी बढ़ती शक्ति का प्रतीक है।मांडविया ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक अनुसंधान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कहा, '' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें 2036 में देश में ओलंपिक का आयोजन करना है। यह भारत की बढ़ती शक्ति का प्रतीक है।'' मंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत 2047 में एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है और आजादी का शताब्दी वर्ष मनायेगा तब खेल इस लक्ष्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकते हैं।

मांडविया ने अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ''हम अगर अनुसंधान और नए विचारों को लागू करने में विफल रहे तो लगातार प्रगति करने वाली दुनिया में पीछे रह जायेंगे।'' उन्होंने कहा, '' जब हम खेलों को बढ़ावा देते हैं तो हमें कई मुद्दों का समाधान मिल जाता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो इंडिया' का नारा दिया और नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया' अभियान शुरू किया।''

## 'देश भर में सर्प दंश की घटनाएं बढ़ रही हैं, कुछ करें': न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** सर्पदंश की समस्या के पूरे देश में व्याप्त होने का उल्लेख करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से कहा कि वह सभी राज्यों को साथ लेकर चिकित्सा सुविधाओं में सर्पदंश का उपचार उपलब्ध कराने के लिए कुछ करे। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें कहा गया था कि सांप के काटने के इलाज में महत्वपूर्ण 'विष रोधी' (एंटी-वेनम) की कमी के कारण देश एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। पीठ ने केंद्र के वकील से कहा, आप राज्यों को भी इसमें शामिल कर सकते हैं। समस्या पूरे देश में है। इसमें आगे कहा गया, आप सभी राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कुछ करने का प्रयास कर सकते हैं। यह कोई विरोधात्मक मुकदमा नहीं है। केन्द्र के वकील ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर उठाए गए कदमों की जानकारी रिकार्ड में रखेगी। कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे इस मामले में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे, जिसके बाद पीठ ने उन्हें छह सप्ताह का समय दिया और मामले की सुनवाई उसके बाद के लिए स्थगित कर दी। पिछले साल 13 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने वकील शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा था।

## रणजी ट्रॉफी में कोहली की वापसी, बढेगी निजी सुरक्षाकर्मियों की संख्या, दर्शकों के लिए तीन स्टैंड



**नई दिल्ली/भाषा।** तेरह साल बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेलने जा रहे विराट कोहली के मंगलवार से दिल्ली रणजी ट्रॉफी टीम के साथ अभ्यास करने की उम्मीद है और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहा है। कोहली को सोमवार को आधिकारिक तौर पर 30 जनवरी से अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ होने वाले अंतिम ग्रुप मैच के लिए आयुष बडोनी के नेतृत्व वाली दिल्ली टीम में नामित किया गया था। गाजियाबाद के मोहन नगर में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 2012 में खेलने के बाद से यह कोहली का पहला रणजी मैच होगा। उस समय कोहली भारत क्रिकेट के उभरते हुए सितारे थे लेकिन अब वह इस खेल के सबसे बड़े मौजूदा दिग्गजों में शामिल है। भारत के इस पूर्व कप्तान के नाम अब 80 अंतरराष्ट्रीय शतक है।

## आईसीसी पुरस्कारः बुमराह सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर, मंधाना सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय खिलाड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का साल का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया जबकि आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय खिलाड़ी चुना गया जिससे सोमवार को आईसीसी व्यक्तिगत पुरस्कारों में भारतीय क्रिकेटरों का दबदबा रहा।

आईसीसी ने शुक्रवार को शुरू हुई प्रक्रिया को जारी रखते हुए सोमवार को तीन और पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की। अंतिम दो पुरस्कार- साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर- मंगलवार को घोषित किए जाएंगे। बुमराह वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में नामित होने के बाद दोहरे व्यक्तिगत पुरस्कार जीतने की दौड़ में हैं। बुमराह ने पिछले 12 महीनों में शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें उन्होंने लगभग सभी विपक्षी टीमों पर दबदबा बनाया और मात्र 13 मैच में 14.92 के शानदार औसत से 71 विकेट चटकाए।



बुमराह ने 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 357 ओवर फेंके और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 30.1 रहा। इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले और कपिल देव के नक्शेकदम पर चलते हुए एक कैलेंडर वर्ष में 70 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले भारत के चौथे गेंदबाज बन गए। बुमराह ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार हासिल करके मैं बहुत खुश हूं। यह प्रारूप हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। पिछला साल काफी खास रहा, बहुत कुछ सीखने और जीतने का मौका मिला।'' उन्होंने कहा, ''मैं इस साल बहुत क्रिकेट खेलकर खुश हूं और बहुत सारे विकेट विशेष रहे हैं। लेकिन विशाखापत्तनम में ओली पोप (इंग्लैंड) का विकेट बेहद विशेष था क्योंकि इससे लय हमारे पक्ष में हो गई।''

करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने भारतीय प्रशंसकों को जश्न मनाने का और मौका दिया जब उन्हें साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुना गया। इससे पहले वह साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय और साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में भी शामिल थीं। वर्ष 2018 और 2022 की आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में 747 रन बनाकर प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किया।

## सुविचार

**समय अच्छा हो तो आपकी गलती भी मजाक लगती है, समय खराब हो तो मजाक भी गलती बन जाती है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नए नजरिए से लाएं बदलाव

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी की गई पद्म पुरस्कार विजेताओं की सूची में ऐसे कई नाम हैं, जो कोई 'सेलिब्रिटी' तो नहीं हैं, अलबत्ता वे 'बदलाव के नायक' जरूर हैं। उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस बार जिन किसानों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है, अगर उनके कामकाज का अध्ययन किया जाए तो युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर पैदा हो सकते हैं। हमारे देश को इसकी बहुत जरूरत है। किसने सोचा था कि निचले पहाड़ी इलाकों की गर्म परिस्थितियों में सेब की खेती की जा सकती है, जिसकी देश-दुनिया में भारी मांग होगी! हिमाचल प्रदेश के किसान हरिमन शर्मा (जिन्हें पद्मश्री के लिए चुना गया है) ने यह कर दिखाया और कई मिथक तोड़ दिए। उनके द्वारा विकसित की गई सेब की खास किस्म स्कैब नामक बीमारी से काफी सुरक्षित है। यह नेपाल, बांग्लादेश, जांबिया और जर्मनी जैसे देशों में भी लोकप्रिय है। ऐसे प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने से उन्हें और बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही युवा भी खेती करने के लिए प्रेरित होंगे। भारत में अनगिनत फल पैदा होते हैं। हालांकि आज भी ऐसे कई इलाके हैं, जहां फलों का उपभोग बहुत कम है। फल पोषक तत्त्वों से भरपूर होते हैं। उनके उपभोग को बढ़ावा देकर कुपोषण जैसी समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि फलों की कीमतें आम आदमी के बजट में हों। यह तभी संभव है, जब उत्पादन बढ़ाया जाए। हमें अंगूर, अनार, पपीता, केला जैसे दर्जनों फलों की ऐसी किस्में विकसित करनी होंगी, जो कम उपजाऊ जमीन और कम संसाधनों में भी बढ़िया उपज दें।

इसके लिए इजराइल के अनुभवों से भी लाभ उठाया जा सकता है। वहां रेगिस्तानी इलाकों में खजूर की ऐसी कई किस्मों की खेती की जाती है, जिनकी उपज का प्रति किग्रा भाव एक हजार रुपए से ज्यादा है। इजराइली खजूर की दुनियाभर में भारी मांग रहती है। इसके अलावा आलू एक ऐसी सब्जी है, जिसकी मांग सालभर बनी रहती है। इससे चिप्स समेत कई उत्पाद बनाए जा सकते हैं। हर साल प्याज और टमाटर के भावों में बहुत उछाल देखने को मिलता है। रसोईघरों और भोजनालयों में इनकी काफी मांग रहती है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे फलों और सब्जियों की मांग बहुत बढ़ी है, जिन्हें उगाने में घातक रसायनों और कीटनाशकों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। खासकर कोरोना महामारी के बाद बहुत लोग अपनी सेहत को लेकर जागरूक हो गए हैं। भविष्य में रसायनों और कीटनाशकों के इस्तेमाल के बिना तैयार किए गए फलों-सब्जियों का बड़ा बाजार आकार लेगा। जो लोग इसके लिए तैयारी करना चाहते हैं, वे महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से आने वाले किसान सुभाष खेतूलाल शर्मा से बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्हें भी पद्मश्री के लिए चुना गया है। उन्होंने प्राकृतिक खेती की ऐसी विधियां विकसित की हैं, जिनमें लागत को काफी कम किया जा सकता है और उपज भरपूर होती है। अब तो ऐसे प्रगतिशील किसान सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा करने लगे हैं। भविष्य में ड्रोन तकनीक का खेती में इस्तेमाल बढ़ेगा। युवाओं की इसमें दिलचस्पी रोजगार के नए द्वार खोल सकती है। इसी तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े कितने ही उत्पाद हैं, जिनका महत्त्व भविष्य में बढ़ने की भरपूर संभावना है। युवाओं को उनमें रोजगार के अवसर ढूंढ़ने चाहिएं। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के आदिवासियों द्वारा तैयार किए गए कुछ उत्पाद ऑनलाइन बाजार में बहुत चर्चित हुए थे। गोंद के लड्डू, जो गांवों के घर-घर में बनाए जाते हैं, ऑनलाइन खूब बिक रहे हैं। युवाओं को चाहिए कि वे राष्ट्र के ऐसे नायकों से प्रेरणा लें, जो अपनी मेहनत और ईमानदारी से उल्लेखनीय बदलाव लेकर आ रहे हैं। अगर वे नए नजरिए के साथ काम करेंगे तो बदलाव आएगा, जरूर आएगा।

## ट्वीटर टॉक



इस देश की सांस्कृतिक विरासत इसकी सबसे बड़ी ताकत है। इस ताकत को वैश्विक मंच पर लाने के लिए और विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों के लिए एक जीवंत अवसर होना चाहिए, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



आज सचिवालय में विद्याधर विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक लेकर जेडीए, नगर निगम, रीको, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी, मेट्रो, मेडिकल विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

**-दीया कुमारी**



राष्ट्र की एकता और सद्भाव को सुनिश्चित करता हमारा संविधान... जिससे हर देशवासी की भावना जुड़ी है, जिसमें हर भारतवासी के अधिकार समाहित हैं। सत्ता में बैठे लोग जब संवैधानिक मूल्यों पर, बाबा साहेब के विचारों पर प्रहार करते हैं तो देश की भावना आहत होती है।

**-सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

# स्नेह और सामंजस्य

एक बार ईसा मसीह गांव में लोगों के बीच चर्चा कर, उनको अपने अनुभव सुना रहे थे। एक युवक ने उनको अपने घर की रसोई में तैयार गर्म सूप पीने को दिया। यीशु ने मनोयोग से वह सूप पिया, उसके बाद कृतज्ञता के भाव से श्रद्धावान होकर युवक के समक्ष सम्मान प्रदर्शन किया। अब युवक ने उनसे अपनी गहरी जिज्ञासा का समाधान चाहा और सवाल किया कि जब एक समूह में एक-दो लोग हमारे बहुत ही आत्मीय होते हैं, तो बाकी लोगों से भी सामंजस्य कैसे बनायें।' 'यह तो बहुत ही आसान है।' यीशु ने हौले-हौले से मुस्कुराते हुए कहा, 'हम सब के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं कर सकते परन्तु सब को एक जैसा प्रेम और स्नेह तो प्रदान कर ही सकते हैं। स्नेह; व्यवहार और शिष्टाचार से परे है।' मन जब कोई नकारात्मक भाव पैदा करता है तब यह प्रेम इस मन को काफी ऊंचा उठा देता है।

## सामयिक

# क्या कांग्रेस बे-मन से लड़ रही है दिल्ली का चुनाव ?

**अशोक भाटिया**



दिल्ली चुनाव को लेकर जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक पार्टियों द्वारा तैयारी भी तेज हो गई है। इस बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। वहीं दिल्ली में पिछले 6 विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली में भाजपा ने आखिरी बार 1993 में विधानसभा चुनाव जीता था। उस समय मदनलाल खुराना कोमुख्यमंत्री बनाया था। वहीं पिछले 6 विधानसभा चुनावों में भाजपा को तीन बार कांग्रेस से और तीन बार आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। भाजपा को भले ही विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन पिछले तीन लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सीटें जीती है। वहीं पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। लेकिन इस बार कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन दोबारा हासिल करने की कोशिश में है। साल 2013 में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। लेकिन यह सरकार महज 49 दिन ही चल पाई थी। इसके बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने रिकॉर्ड तोड़ सीटें जीतने का काम किया। इस चुनाव में आप पार्टी ने 67 सीटों पर जीत हासिल की और भाजपा को महज तीन सीटें ही मिली। वहीं कांग्रेस का इस चुनाव में खाता भी नहीं खुला था। वहीं 2015 के चुनाव में भाजपा की सीट हिस्सेदारी कम हुई हो लेकिन 2015 से 2020 तक भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत 30 या उससे अधिक बनाए रखा। लेकिन कांग्रेस के साथ ऐसा नहीं था और 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 4.3 प्रतिशत पर आ गया। 1993 से दिल्ली विधानसभा चुनावों के वोट प्रतिशत की तुलना करें तो पता चलता है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के तत्कालीन वोट प्रतिशत को अपनी तरफ कर लिया है। इसमें कुछ गैर कांग्रेसी, दिल्ली में आप पार्टी और लोकसभा में भाजपा को पसंद करने वाले लोगों का भी एक बहुत बड़ा हिस्सा हासिल किया है।

जो कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव में आम पार्टी के साथ थी अब वही इस समय कांग्रेस अरविंद केजरीवाल के लिए सबसे बड़ी बाधा के रूप में दिख रही है। आम आदमी पार्टी इस बात को अच्छे से जानती है कि अगर कांग्रेस मजबूत हुई तो उसका सीधा नुकसान उसे ही उठाना पड़ेगा। उसे डर ये नहीं कि कुछ सीटों पर कांग्रेस जीत जाएगी, बल्कि डर ये है कि भाजपा बाजी मार ले जाएगी।कुछ दिन पहले इंडिया टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार दीपक चौरसिया ने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की आक्रामकता से डरी हुई है। उन्होंने ये तक दावा किया कि दिल्ली कांग्रेस के हमलावर तेवरों के बाद अरविंद केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के बाकी नेताओं के जरिए कांग्रेस आलाकमान को आप के खिलाफ नरम रुख अपनाने के लिए मनाने की कोशिश की थी। उनके दावे पर यकीन करें तो उसके बाद कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली यूनिट के नेताओं को आम आदमी पार्टी के खिलाफ हमलावर रुख अख्तियार नहीं करने का संदेश भेजा था। ये बात तब की है जब अजय माकन ने केजरीवाल को 'देशद्रोही' कहा था। यूथ कांग्रेस ने महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए कथित हेल्थ स्कीम के लिए आप कार्यकर्ताओं की तरफ से घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन करने को जनता के साथ धोखाधड़ी बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। संदीप दीक्षित भी लगातार आप और केजरीवाल पर हमले कर रहे थे। चौरसिया ने दावा किया कि आलाकमान से संदेश मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं का आप पर हमलावर रुख नरम हुआ।

तो क्या सच में कांग्रेस दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ नरम रुख अख्तियार कर रही है? ऐसा दिखता तो नहीं है। पार्टी नेताओं का आप के खिलाफ हमलावर रुख बदस्तूर जारी है। कभी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तो कभी वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए पार्टी के नेता आप के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि, चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी की तबीयत का खराब होना कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। खराब सेहत की वजह से उनकी अबतक दो रैलियां रद्द हो चुकी हैं। दिल्ली के चुनाव प्रचार युद्ध में अबतक प्रियंका गांधी वाड्रा की भी एंट्री नहीं हुई है।इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को भाजपा से कहीं ज्यादा कांग्रेस का डर सता रहा है। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने बिना नाम दिए आप के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया है कि पार्टी को इसकी चिंता नहीं है कि कांग्रेस कुछ सीटें छीन लेगी, बल्कि ये है कि वह भाजपा को मजबूत करने में मदद करेगी। आम आदमी पार्टी के नेता अपनी रैलियों और प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगातार ये आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस दिल्ली में भाजपा को मदद पहुंचा रही है।मुख्यमंत्री आतिशी और संजय सिंह तो ये तक आरोप लगा चुके हैं कि कांग्रेस के उम्मीदवार भाजपा दफ्तर से चुने जा रहे हैं। कई कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए भाजपा फंडिंग कर रही है, ऐसा उनका आरोप है।एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ओखला, चांदनी चौक और बादली समेत लगभग 10 सीटों पर कांग्रेस के अभियान पर कड़ी नजर रखे हुए है। आप को इन सीटों पर कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ओखला में आप के अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ अहमद खान की बेटी अरीबा खान चुनाव मैदान में हैं। चांदनी चौक में मौजूदा विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी के बेटे आप के पुनर्दीप सिंह साहनी के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल मैदान में हैं। बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आप के मौजूदा विधायक अजेश यादव के को चुनौती दे रहे हैं।इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में आप के एक सीनियर लीडर को उनका नाम गुप्त रखते हुए कोट किया है, 'हमारे लिए चिंता की बात यह नहीं है कि कांग्रेस सीट जीत लेगी, बल्कि यह है कि वह भाजपा को अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगी। भाजपा के लिए, जो 27 सालों से दिल्ली विधानसभा में सत्ता से बाहर है, यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस के वोट शेयर में वृद्धि से उन्हें ही मदद मिलेगी।'

आप नेता के हवाले से अखबार ने लिखा है, '2017 के एम सी डी चुनावों में क्या हुआ था, उसी को देख लीजिए। आप ने दो साल पहले ही विधानसभा चुनाव 54% वोट शेयर के साथ जीता था और कांग्रेस 10% पर सिमट गई थी। लेकिन कांग्रेस ने एम सी डी चुनाव अच्छी तरह लड़ा। आप का वोट शेयर गिरकर 26% हो गया, जबकि कांग्रेस का 21% हो गया। भाजपा का वोट शेयर केवल 4 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन उसने चुनाव में जीत हासिल की।'कांग्रेस का पूरा फोकस अपने प्रदर्शन में इस बार सुधार करने पर है। यही वजह है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में 'न्याय यात्रा' निकाली। वो दिल्लीवासियों से सीधे मिलने में जुट गए। कांग्रेस नेता लगातार आप पर हमलावर हैं। वे आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं और उसे भाजपा की मददगार बता रहे हैं। कांग्रेस की इस रणनीति से आप नेतृत्व की चिंता बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी को डर है कि कांग्रेस की वजह से भाजपा विरोधी वोट बंट सकते हैं। कांग्रेस के आक्रामक तेवर देखकर आम आदमी पार्टी के नेता भी सतर्क हो गए हैं। उन्होंने भी जवाबी हमले तेज किए हैं। अजय माकन के हालिया बयान की आलोचना तो कर ही रहे हैं। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को बाहर करने की धमकी भी दे रहे। आप का आरोप है कि आगामी चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस की मदद कर रही है। इन दावों से आप की रणनीति यही है कि वो विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दूसरे दलों से सपोर्ट हासिल करना चाहती है। फिलहाल देखना दिलचस्प होगा कि आप-कांग्रेस में जारी घमासान से दिल्ली चुनाव में क्या असर होगा?

## नजरिया

# क्या दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में लागू होगी आचारसंहिता ?

**कमलेश पांडे**



दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में चीनी दबदबे को नियंत्रित करने के लिए एक आदर्श आचार संहिता लागू करने की मांग सही है, लेकिन वहां पर इसे लागू कौन करवाएगा, इस बात का उत्तर भारत समेत विभिन्न आसियान देशों के पास नहीं है। ये तो सिर्फ वकालत कर रहे हैं कि दक्षिण चीन सागर ऐसा होना चाहिए। जबकि चीन अपनी हठधर्मिता के चलते सैन्य कार्रवाई करने पर उतारू है। इसी दृष्टि से वह लगातार अपनी तैयारी पुख्ता करता जा रहा है। लेकिन उसे रोकने में संयुक्त राष्ट्र संघ भी यहां असहाय प्रतीत हो रहा है। देखा जाए तो चाहे चीन विरोधी अमेरिका हो या चीन समर्थक रूस या फिर इनके-इनके समर्थक विभिन्न विकसित और विकासशील देश, सबकी नीति इस मामले में अभी तक ढुलमुल ही रही है। इसलिए भारत की भूमिका इस मामले में भी अहम और निर्णायक बताई जा रही है। क्योंकि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न देशों के बहुत पुराने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध भी हैं। वहीं, वैश्विक दुनियादारी में चीन को संतुलित रखने के लिए भी भारत और आसियान देशों को एक-दूसरे की जरूरत है। इसलिए आशियान देशों के साथ भारत की निकटता जगजाहिर है। समझा जाता है कि भारत ही अमेरिका और रूस दोनों देशों पर दबाव डालकर आसियान देशों के दक्षिण चीन सागर सम्बन्धी दूरगामी हितों की रक्षा कर सकता है। जानकारों की मानें तो चीन की विस्तारवादी नीति से न केवल भारत बल्कि आशियान देशों के विभिन्न हित प्रभावित हो रहे हैं। उधर, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की चिंता भी किसी से छिपी हुई नहीं है। हालांकि, इन देशों में अमेरिका के बाद भारत ही एक ऐसा मुल्क है जो चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षा को नियंत्रित कर सकता है। इसी नजरिए से क्वाड देशों में भी भारत की भागीदारी प्रमुख है।

इधर भारत-चीन सम्बन्धों में भी 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' वाली कहावत चरितार्थ होती है। यही वजह है कि गत 25-26 जनवरी 2025 को भारत ने चीन के खिलाफ एक और बड़ी चाल चलते हुए, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में आचार संहिता लागू करने का आह्वान किया है। वहीं, इसके दूरगामी वैश्विक मायने को समझते हुए इंडोनेशिया जैसे प्रभावशाली देश ने भी भारत का साथ दिया है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के 76वें गणतंत्र समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। इसी दौरान हुई विभिन्न बैठकों के क्रम में उपर्युक्त आशय की सहमति बनी है।

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच भारत और इंडोनेशिया ने प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार इस क्षेत्र में ''पूर्ण और प्रभावी'' आचार संहिता लागू करने की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के बीच गत शनिवार को हुई व्यापक बातचीत में दक्षिण चीन सागर की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में दोनों पक्षों ने भारत के हिंद महासागर क्षेत्र स्थित सूचना संलयन केंद्र (इन्फार्मेशन फ्यूजन सेंटर) में इंडोनेशिया से एक संपर्क अधिकारी तैनात करने पर सहमति व्यक्त की। बता दें कि भारतीय नौसेना ने समान विचारधारा वाले देशों के साथ सहयोगात्मक ढांचे के तहत जहाजों की आवाजाही के साथ-साथ क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण विकास पर नजर रखने के लिए वर्ष 2018 में गुरुग्राम में इन्फार्मेशन फ्यूजन सेंटर की स्थापना की थी। चूंकि आसियान देश भी दक्षिण चीन सागर पर एक बाध्यकारी आचार संहिता पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि चीन द्वारा इस क्षेत्र पर अपने व्यापक दावों को स्थापित करने के लगातार प्रयास जारी हैं।

वहीं, इस मुद्दे पर भारत की अगुवाई में चल रहे कीप एंड बैलेंस की नीति पर चीन का बौखलाना स्वाभाविक है।बीजिंग इस प्रस्तावित आचार संहिता का कड़ा विरोध करता रहा है। वह पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है, जो हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्त्रोत है। जबकि, वियतनाम, फिलीपींस और ब्रुनेई सहित कई आसियान सदस्य देशों ने चीन के इस दावे पर आपत्ति जताई है। गौरतलब है कि एक ओर दक्षिण चीन सागर में जहां चीन अपनी सैन्य ताकत में निरंतर इजाफा करने में जुटा हुआ है, जिससे आसपास के छोटे देश भयभीत हैं। वहीं अब भारत ने चीन के खिलाफ अपनी चाल चलते हुए दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में आचार संहिता लागू करने का आह्वान किया है। सुकून की बात यह है कि भारत को इस मुद्दे पर इंडोनेशिया जैसे महत्वपूर्ण देश का भी साथ मिल गया है। जबकि दूसरी तरफ चीन इस क्षेत्र में आचार संहिता का खुलकर विरोध करता है। इसलिए दक्षिण चीन सागर से जुड़े हुए विभिन्न प्रभावित देशों के साथ-साथ भारत और अमेरिका की चिंताएं स्वाभाविक हैं।

बता दें कि अक्टूबर 2024 में भी जब पीएम मोदी ने ईस्ट एशिया सम्मेलन में हिस्सा लिया तो उन्होंने चीन पर इस बाबत निशाना साधा था। इससे एक दिन पहले आसियान-भारत सालाना सम्मेलन में भी उन्होंने चीन की तरफ इशारा करते हुए हिंद प्रशांत क्षेत्र और साउथ चाईना सी को लेकर जो सारी बातें कहीं, वह इस क्षेत्र में आक्रामक रवैया अपना रहे चीन को नागवार गुजर सकती है। तब पीएम मोदी ने आसियान-भारत सालाना सम्मेलन में दक्षिण पूर्वी एशियाई क्षेत्र के देशों के भौगोलिक संप्रभुता को समर्थन देकर चीन की तरफ इशारा किया था। वहीं, ईस्ट एशिया सम्मेलन में भी उन्होंने हिंद प्रशांत क्षेत्र और साउथ चाईना सी को लेकर दो टूक चिंताएं जताई। मोदी ने समूचे हिंद प्रशांत क्षेत्र को कानून सम्मत बनाते हुए यहां की समुद्री गतिविधियों को संयुक्त राष्ट्र के संबंधित कानून (अनक्लोस) से तय होने की मांग की और साउथ चाईना सी के संदर्भ में एक ठोस व प्रभावी आचार संहिता बनाने की भी बात कही। बता दें कि आसियान के सभी दस सदस्य देश भी इसकी मांग कर रहे हैं।

वहीं, एक दिन पहले चीन के प्रधानमंत्री ली शियांग के साथ बैठक में आसियान नेताओं ने इन मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया था। इसके साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री ने दुनिया के दूसरे क्षेत्रों में चल रहे तनाव के संदर्भ में कहा, 'विश्व के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों का सबसे नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर हो रहा है। सभी चाहते हैं कि चाहे यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया, जल्द से जल्द शांति और स्थिरता की बहाली हो।' तब पीएम मोदी ने यहां तक कहा था, 'मैं बुद्ध की धरती से आता हूं और मैंने बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि से नहीं, बल्कि सकारात्मक रणनीति से निकल सकता है। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का आदर करना आवश्यक है। वहीं, मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए, डायलॉग और कूटनीति को भी प्रमुखता देनी होगी। विश्वबंधु के दायित्व को निभाते हुए, भारत इस दिशा में हर संभव योगदान करता रहेगा।'

तब मोदी ने आतंकवाद को भी वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बताते हुए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बता दें कि इस सालाना आसियान सम्मेलन में शामिल सभी नेताओं में सबसे ज्यादा बार (नौ बार) पीएम मोदी ने ही हिस्सा लिया है। यह आसियान के मामलों में भारत की बढ़ती भूमिका को भी बताता है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत रविवार की शाम इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के सम्मान में डिनर आयोजित किया। इस दौरान इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कुछ ऐसा कहा, जिसे सुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी गणमान्य लोग खिलखिलाकर हंस पड़े। दरअसल, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने भारत और इंडोनेशिया के बीच प्राचीन संबंधों की बात कहते हुए कहा कि हमारी भाषा के कई अहम शब्द संस्कृत भाषा से आते हैं। बकौल इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, 'भारत और इंडोनेशिया के आपसी संबंधों का इतिहास बेहद पुराना है। दोनों देशों की सभ्यताओं में भी गहरा जुड़ाव रहा है, यहां तक कि हमारी भाषा के कई अहम शब्द संस्कृत भाषा के हैं। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी प्राचीन भारतीय सभ्यता का प्रभाव है। यहां तक कि हमारे जीन्स यानी डीएनए में भी समानता है।' इंडोनेशियाई राष्ट्रपति ने यहां तक कहा कि 'कुछ हफ्ते पहले ही मैंने अपनी जेनेटिक्स सीक्वेंसिंग और डीएनए टेस्ट कराया। मुझे बताया गया कि मेरा डीएनए भारतीय है। सभी जानते हैं कि जैसे ही मैं भारतीय संगीत सुनता हूं, तभी मैं थिरकना शुरू कर देता हूं।'

वहीं, मासूमियत पूर्वक सुबियांतो ने आगे कहा कि मुझे यहां (भारत) आने पर गर्व है। मैं कोई खांटी राजनेता नहीं हूं, न ही अच्छा कूटनीतिकार हूं, मैं जो भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। मुझे यहां आए हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन मैंने पीएम मोदी के नेतृत्व और उनके समर्पण से काफी कुछ सीखा है। उनका गरीबी को दूर करने और कमजोर वर्ग की मदद करने के लिए जो समर्पण है, वह हमारे लिए प्रेरणा है।' इंडोनेशिया ने भारत की समृद्धि, शांति के लिए कामना की और उम्मीद जताई कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध आगे भी मजबूत होते रहेंगे।

यही वजह है कि मोदी और सुबियांटो ने भारत-इंडोनेशिया के आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। ताकि मजबूती पूर्वक दोनों देश अपने अंतर्राष्ट्रीय एजेंडे को आगे बढ़ा सकें। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय लेन-देन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग के लिए पिछले वर्ष हुए समझौता ज्ञापन के शीघ्र कार्यान्वयन के महत्व पर भी बल दिया। उनका मानना है कि द्विपक्षीय लेन-देन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा और दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच वित्तीय एकीकरण गहरा होगा।

वहीं, मोदी और सुबियांटो ने आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करते हुए भारत-इंडोनेशिया आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प दोहराया और बिना किसी ''दोहरे मापदंड'' के इस खतरे से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने सभी देशों से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का आह्वान किया। इससे स्पष्ट है कि देर सबेर भारत, चीन पर दबाव बढ़ाने की अपनी रणनीति में कामयाब रहेगा। क्योंकि इस मसले पर उसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान के अलावा आसियान देशों का भी साथ मिल रहा है। चूंकि रूस भारत का मित्र देश है, इसलिए उसकी तटस्थता भी भारत के लिए मायने रखेगी। (साभार : प्रभा साक्षी)

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत









# महाकुंभ में शाह ने लगायी पवित्र डुबकी,परिवार संग की पूजा अर्चना





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुम्भनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया।

भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का। इसके बाद गृहमंत्री ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की संगम स्थल पर ही विशेष पूजा अर्चना संपन्न कराई और फिर विशेष संगम आरती का भी आयोजन हुआ। संगम पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती के जयकारे गूंजे। इस दौरान शाह परिवार के सबसे छोटे सदस्य को भी संतों का आशीर्वाद मिला। पूजा की वेदी पर मुख्यमंत्री योगी ने भी बच्चियों को दुलराया और उनसे हंसी ठिठोली की। इसके बाद हर हर महादेव के उद्घोष के बीच शाह और योगी ने मां गंगा और भगवान भास्कर को प्रणाम किया। अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान के बाद वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच पूजन अर्चन किया। पूजा के बाद संगम आरती भी कराई गई। इस दौरान गृहमंत्री के साथ उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधु समेत पूरा परिवार मौजूद रहा।

परिवार के लोगों ने भी स्नान के बाद पूजा और आरती में हिस्सा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री को चांदी का कुम्भ कलश भेंट किया। यहां से वो सीधा अक्षय वट के लिए रवाना हो गए। संगम स्नान और पूजन के दौरान उनके साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद, बाबा रामदेव, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, जूना अखाड़े के हरिगिरि समेत तमाम अखाड़ों के वरिष्ठ महंत भी मौजूद रहे।

इससे पहले, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम में अरैल स्थित वीआईपी घाट से प्रवेश किया। दोनों नेताओं ने क्रूज की सवारी की। मां गंगा को प्रणाम किया। इसके बाद साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। क्रूज पर बने विशेष कक्ष में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद, अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरी और अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी के साथ महाकुम्भ पर विशेष मंत्रणा की। संगम स्नान के दौरान बाबा रामदेव और सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अलग से डुबकी लगवाई। संगम स्नान के बाद स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री योगी का हाथ पकड़कर विशेष योग आसन ताड़ासन भी कराया।



# महाकुंभ में उमड़ने लगा श्रद्धालुओं का सैलाब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुंभ नगर। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या से पहले ही प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। एक बयान के अनुसार, शनिवार और रविवार की छुट्टी का असर साफ देखने को मिल रहा है और हर दिशा से श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ रहे हैं। बयान के मुताबिक, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और हाइवे पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा जा सकता है। पिछले दो दिनों (शुक्रवार और शनिवार) में ही सवा करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया है। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

बयान में कहा गया है कि मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस की हरसंभव कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसमें बताया गया है कि मेला प्रशासन और कुंभ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं और पूरे मेला क्षेत्र को 'वाहन निषिद्ध क्षेत्र' घोषित किया गया है। बयान के अनुसार, संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। इसमें कहा गया है कि श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है और इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। बयान के मुताबिक, संगम पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) निगरानी करेगा और भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है, साथ ही अराजक और संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। बयान के अनुसार, मेला क्षेत्र में अतिक्रमण कर लगाई गई अवैध दुकानों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा के लिए साफ और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराई जा सकें। इसमें कहा गया है कि स्वच्छता कर्मियों को साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मौनी अमावस्या पर प्रयागराज रेल मंडल के स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था लागू होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

महाकुंभ नगर। प्रयागराज महाकुंभ में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के महापर्व पर प्रयागराज रेल मंडल के स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था लागू की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान से मिली। बयान में कहा गया कि महाकुम्भ में अब तक 13 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। इसमें कहा गया है कि आगमी 29 जनवरी को महापर्व 'मौनी अमावस्या' पर 'अमृत स्नान' को लेकर तैयारी जारी है। मौनी अमावस्या के पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज रेल मंडल ने भी विशेष प्रबंध किये हैं। मौनी अमावस्या पर्व के दिन प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बनाई है। बयान के मुताबिक, 25 जनवरी से ही लगभग एक करोड़ यात्री प्रतिदिन महाकुम्भ में आने लगे हैं। इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किये हैं। ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या से एक दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेंगे। इसमें कहा गया है कि मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी की तरफ वाले दरवाजे से और प्लेटफॉर्म नं.-एक की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस और प्लेटफार्म नंबर छह की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट आरक्षित है, उन्हें सिटी की तरफ स्थित गेट नंबर पांच से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। जबकि अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेडे आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जाएगा। बयान के मुताबिक, टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, ए.टी.वी.एम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था रहेगी। इसमें कहा गया है कि भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में एक लाख लोगों के ठहरने की व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। बयान के मुताबिक, मौनी अमावस्या पर्व पर नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा। इसी तरह आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर दो से अलग से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से और निकास केवल जी.ई. सी नैनी रोड की ओर से होगा।

आरक्षित यात्री गेट नंबर दो से प्रवेश करेंगे। सूबेदारगंज स्टेशन में प्रवेश झलवा, कौशाम्बी रोड की ओर से होगा जबकि निकास केवल जी.टी. रोड की ओर होगा। बयान में कहा गया है कि आरक्षित यात्री गेट नंबर तीन से प्रवेश करेंगे। इसमें कहा गया है कि अनारक्षित यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों पर दिशावार 'कलर कोडेड' आश्रय स्थल बनाये गये हैं जहां से यात्रियों को उनके अलग-अलग रंग के टिकट के हिसाब से प्लेटफार्म पर पहुंचाया जाएगा। जहां से कई नियमित और मेला स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुचांया जाएगा।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

महाराष्ट्र का यवतमाल जिला, जो किसानों की आत्महत्या के कारण सुर्खियों में रहा है, के एक किसान ने ऐसा उल्लेखनीय काम किया है,ङ्ग जिसके कारण उन्हें पद्मश्री के लिए चुना गया है। सुभाष खेतूलाल शर्मा ने खेती से जुड़ीं चुनौतियों के बीच वह रास्ता ढूंढ़ लिया है, जो किसानों की ज़िंदगी बदल सकता है।



## कर्नाटक पेपर मर्चेंट्स स्टेशनर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी समिति गठित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। दि कर्नाटक पेपर मर्चेंट्स स्टेशनर्स एसोसिएशन की 76 वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष विनोद नेणावत ने सभी का स्वागत किया। सचिव विक्रम श्रीमाल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट पेश की गई तथा कोषाध्यक्ष रमेश सालेचा द्वारा लेखा जोखा पेश किय। इसके बाद आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी समिति का निर्विरोध चयन किया। नवगठित कार्यकारिणी समिति में प्रवीण लुंकड़ अध्यक्ष, प्रदीप लुणावत उपाध्यक्ष, शिवराम लावु मंत्री, हुलाश कुमार उपमंत्री, रमेश सालेचा कोषाध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर एसोसिएशन भवन पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में निवर्तमान अध्यक्ष विनोद नेनावत ने ध्वजारोहण किया।



## बिलावास गौशाला में कृष्ण भगवान प्रतिमा की प्रतिष्ठा 27 नवम्बर को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। बिलावास गौशाला सदस्यों की एक बैठक आई माता भवन बलेपेट में संपन्न हुई। सभा में श्री कृष्ण भगवान मंदिर की प्रतिष्ठा मुहूर्त 27 नवंबर की घोषणा हुई। इस मौके पर आय व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया गया। सभा में गौशाला के विभिन्न प्रगतिशील कार्य पर चर्चा की गई। बैठक में प्रतिष्ठा मुहूर्त तक सभी निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। गौशाला अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने सभी का स्वागत किया। सहसचिव लक्ष्मण आगलेचा ने प्रतिष्ठा निमित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। गौशाला सचिव नरेंद्र आच्छा ने संचालन करते हुए विभिन्न कार्यों के बारे में बताया।




## सीरवी समाज महासभा का पेशेवर महासम्मेलन सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत।। सीरवी समाज महासभा कर्नाटक प्रांत का महासम्मेलन का हेसरगट्टा स्थित रिसार्ट में किया गया। एक दिवसीय महासम्मेलन में कर्नाटक व शहर की सभी वडेरों के पदाधिकारी, सॉफ्टवेयर इंजिनियर, सीए. एवं महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार ने सभी का स्वागत किया। महासचिव अमचन्द सानपुरा ने कहा कि महासभा जल्द ही कर्नाटक में प्रवासी सीरवी समाज की जनगणना, समाज के पेशेवर युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। राजस्थान से आए भुराराम सीरवी महासचिव काग्रेस प्रदेश समिति ने कहा कि हमें समय के साथ चलने की जरूरत है। आज व्यापार में हमें नई तकनीक का प्रयोग करते हुए इसे आगे ले जाना चाहिए। महासभा के पूर्व अध्यक्ष वीरमराम सोलंकी ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एवं प्रतिष्ठा से सुसज्जित समाजजनों से समाज को किसी न किसी रूप में लाभ अवश्य प्राप्त हो यही इस कार्यक्रम का वास्तविक उद्देश्य है। लीलाबाई चोयल ने कहा कि इस युग में हमें अपनी संस्कृति व वेशभूषा को नहीं बदलना चाहिए। हमारी वेशभुषा ही हमारे समाज की पहचान है। एआईजी सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक रघुवीर भायल, सह संस्थापक गौतम मुलेवा ने सीरवी महासभा समाज की वेबसाइट के बारे में जानकारी दी। सीए प्रेम राठौड़ ने व्यापारियों को जीएसटी, लेखा, अंकेक्षण तथा वित्तीय लेन-देन आदि संबधित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित पेशेवर युवाओं का सम्मान किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष पोकरराम राठौड़ व इस कार्यक्रम के प्रायोजक राजस्थानी ढाणी रिसार्ट के संस्थापक रामलाल राठौड़, महेंद्र पटेल, सुरेश मुलेवा, महेंद्र मुलेवा सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



## विजयनगर तेरापंथ महिलाओं ने स्कूल में लगवाया स्मार्ट स्क्रीन व म्यूजिकल बैंड

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत स्कूल को संरक्षण में लेने के सफलतम एक वर्ष की पूर्णता एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर मालगला गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल को स्मार्टस्क्रीन और म्यूजिकल बैंड प्रदान किया। अध्यक्ष मंजु गादिया ने कहा कि स्कूल के विकास एवं उन्नति के लिए महिला मंडल समय-समय पर सहयोग एवं वस्तुएं प्रदान करती रही है। इस मौके पर मंत्री दीपिका गोखरू, उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया,सहमंत्री ललिता डागा, समृद्ध राष्ट्र योजना की संयोजिका महिमा पटावरी, मोनिका बाँठिया, सुनीता पींचा एवं अर्चना मांडोत आदि उपस्थित रही।

## तप, त्याग व गुणानुवाद के साथ मनाई संतश्री गणेशलाल की पुण्यतिथि



बेंगलूरु। शहर के हीराबाग स्थानक में बसंतमुनिजी, अभिजीतमुनिजी, साध्वीश्री आगमश्रीजी व धैर्याश्री के सान्निध्य में गुरुदेवश्री गणेशलालजी की पुण्यतिथि पर गुणानुवाद सभा आयोजन किया तथा तप, त्याग व गुणगान से स्मृति दिवस मनाया गया। साथ ही अभिजीतमुनिजी का जन्मदिन और दीक्षा दिन, साध्वीश्री आगमश्रीजी का 37वां दीक्षा दिन व धैर्याश्रीजी का 3रां दीक्षा दिवस रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष डॉ भीकमचंद संकलेचा, नंदकिशोर समदड़िया, मंत्री अशोक बाँठिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। निर्मल दलाल परिवार की ओर से प्रसादी का आयोजन किया गया।



## उत्तरप्रदेश सेवा मंडल के 'रामोत्सव' में बही राम रसधार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय उत्तरप्रदेश सेवा मंडल द्वारा अयोध्या में श्री रामलला मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रविवार को गांधीनगर के वैष्णव भवन में श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ धूमधाम से रामोत्सव मनाया गया।

मंडल के अध्यक्ष केके दुबे एवं सचिव वीके पटेल ने सभी का स्वागत किया तथा बताया कि इस अवसर पर सेवा मंडल की ओर से अन्नदान भी किया गया। इसके पश्चात रामोत्सव की पूजा के मुख्य यजमान आशा स्वीट्स के नरेन्द्र गर्ग परिवार ने रामदरबार की सजावट करवाकर पूजा की। मंडल के उपाध्यक्ष एवं भजन गायक प्रवीण मिश्रा, दिलीप वर्मा एवं नरेश द्वारा अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष एकके गुप्ता, नरेन्द्र गर्ग, गोपाल चौरसिया, सूरज गोयल, छोटेलाल चौरसिया, सभाजीत जायसवाल, सुरेन्द्र भाटी, प्रमोद जैन, जयंत चौधरी, अजय जैन, विवेक गोयल सहित समस्त कार्यकारिणी तथा समाज के अनेक अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## राजराजेश्वरीनगर में गणतंत्र दिवस, मंगलभावना एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के राजराजेश्वरीनगर स्थित तेरापंथ भवन में मुनिश्री मोहजीतकुमारजी के सान्निध्य में रविवार को गणतंत्र दिवस, मंगलभावना व विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले गणतन्त्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। मुनिश्री भव्यकुमारजी ने गणतन्त्र दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि चाहे राष्ट्र हो या संस्था सभी के सुचारु रूप से चलने के लिए संविधान अर्थात मर्यादा आवश्यक है। मुनिश्री मोहजीतकुमारजी ने कहा कि भारतीय और मानवीय संस्कृति की मूल पहचान सम्यक् आचार, विचार, संस्कार और व्यवहार के साथ जुड़ी हुई है। इसके लिए जैन विद्या का प्रारम्भिक ज्ञान और तत्त्व दर्शन का बोध होना चाहिए। वर्तमान के गुगल युग में आवश्यकता है कि नई पीढी गुरु ज्ञान से जुड़े। शुरुआती ज्ञान का आधार जैन विद्या, सद्संस्कार आध्यात्मिक आचार का विकास है। जैन विद्या के माध्यम से संस्कार निर्माण की दिशा में नए परिवेश का निर्धारण किया जा सकता है। तेरापंथी सभा की उपाध्यक्ष सरोज बैद ने स्वागत करते हुए मुनिवृन्द के प्रवास को क्षेत्र के लिए सौभाग्यपूर्ण बताया तथा सुखद विहार की मंगलभावना व्यक्त की। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज डागा, तेयुप के पूर्व अध्यक्ष गुलाब बाँठिया, तेमम अध्यक्ष सुमन पटावरी, पूर्व अध्यक्ष कमलसिंह दुगड़ आदि ने विचार व्यक्त किए। जैन विद्या परीक्षा एवं आगम मंथन प्रतियोगिता में उत्तीर्ण परिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। केन्द्र व्यवस्थापिका सीमा छाजेड़ ने परीक्षा की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सभाध्यक्ष राकेश छाजेड़ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सहयोगी संगीता डागा, शारदा बैद, आशा लोढ़ा, सीमा दक, दीपिका देरासरिया के योगदान का उल्लेख किया। संकाय की दक्षिण कर्नाटक प्रभारी कंचन छाजेड़ ने संकाय संबंधी एवं आगम मंथन सहयोगी विकास दुगड़ ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। मंत्री गुलाब बाँठिया व आशा लोढ़ा ने संचालन किया एवं विकास दुगड़ ने धन्यवाद दिया।



## सुनील सुराणा बने 'काक्स्टा' के नए अध्यक्ष

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटका एग्रीकल्चर वाटर पम्प एंड स्पेयर्स ट्रेडर्स एसोसिएशन(काक्स्टा) के एसपी रोड स्थित कार्यालय में साधारण सभा का आयोजन हुआ जिसमें अध्यक्ष फ्रैंकी हॉल ने सबका स्वागत किया। कोषाध्यक्ष किरीट पटेल ने आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया, सचिव सुनील सुराणा ने गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में चुनाव आयुक्त दिनेश मेहता की अध्यक्षता में संघ की नए कार्यकारिणी समिति ने सर्वसम्मत्ति से सुनील सुराणा को एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना। बैठक में पूर्व अध्यक्ष तख्तराज बाफ़ना, प्रकाश सुराणा, कुशलराज जैन आदि सदस्यों ने भाग लिया।मंच का संचालन डेविस डीकोस्टा ने किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### गणतंत्र दिवस उपहार

बेंगलूरु के पार्श्व सुशील धाम के सुधर्मा हॉल में साध्वीश्री संयमपूर्णश्रीजी के 27वें दीक्षा वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अनेक धार्मिक अनुष्ठान किए गए। गणतंत्र दिवस के मौके पर दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आचार्य अरिहंतसागरजी,साध्वी संयमपूर्णश्रीजी के सान्निध्य में सुबह अभिषेक पूजन का आयोजन किया गया। धाम में भंवरीदेवी घेवरचन्द सुराणा परिवार की ओर से ध्वजारोहण किया गया। साध्वीजी के सांसारिक परिवार शांतिलाल पूनमचंद प्रणीत गोलेछा व निहालचंद श्रीचंद कोचर द्वारा सुशील धाम में कार्यरत कर्मियों को उपहार बांटे गए ।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

## किसानों के लिए 'उम्मीद की किरण' बने धरतीपुत्र सुभाष शर्मा पद्मश्री के लिए चुने गए

यवतमाल/दक्षिण भारत। महाराष्ट्र का यवतमाल जिला, जो किसानों की आत्महत्या के कारण सुर्खियों में रहा है, के एक किसान ने ऐसा उल्लेखनीय काम किया है,ङ्ग जिसके कारण उन्हें पद्मश्री के लिए चुना गया है। सुभाष खेतूलाल शर्मा ने खेती से जुड़ीं चुनौतियों के बीच वह रास्ता ढूंढ़ लिया है, जो किसानों की ज़िंदगी बदल सकता है। वे प्राकृतिक खेती करते हुए कई किसानों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। खेती के इस तरीके में परंपरा और नवीनता, दोनों का समावेश है, जिससे उपज में शानदार बढ़ोतरी देखने को मिलती है।

इस तरह सुभाष शर्मा उन किसानों के लिए 'उम्मीद की किरण' बनकर सामने आए हैं, ङ्गजिनके लिए खेती घाटे का सौदा ही रही है। सुभाष जिस तरीके को अपनाते हुए 'अनूठी' खेती कर रहे हैं, उसमें तीन बातों पर खास जोर दिया जाता है- कुदरत के साथ जुड़ाव, सभी जीवों के अस्तित्व का सम्मान और बाजार की ताकतों से आज़ादी।

### ऐसे आया बदलाव

सुभाष शर्मा का यह सफर रातोंरात शुरू नहीं हुआ था। फिर यह बदलाव कैसे आया? दरअसल पहले, वे भी अन्य किसानों की तरह ही खेती करते थे, जिसके तहत जमीन में अंधाधुंध रसायनों और ङ्गकीटनाशकों का छिड़काव किया जाता था। इससे शुरुआत में तो फायदा होता, लेकिन कुछ साल बाद उपज घटने लगती। साल था 1994, जब सुभाष शर्मा ने रासायनिक खेती को छोड़ने का फैसला लेते हुए कुछ नया करने की ठानी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों के बारे में जानकारी हासिल की और अपने 'प्रयोगों' में व्यस्त रहे।

### मेहनत रंग लाई

धुन के धनी सुभाष शर्मा की मेहनत रंग लाई। लगभग छह साल बाद उपज में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला, जिससे हर कोई अचंभित था। पहले, जहां खेत से बमुश्किल 50 टन उपज होती थी, प्राकृतिक खेती के कारण वह आठ गुणा तक बढ़ गई। यही नहीं, खेती की लागत भी घट गई। सुभाष शर्मा प्रकृतिक खेती में किसानों का उज्वल भविष्य देखते हैं। वे रासायनिक खेती से जुड़े



अनुभवों को याद करते हुए इसे विनाशकारी बताते हैं। उनके अनुसार, अच्छी खेती वह है, जिसमें जमीन का पोषण किया जाए। अगर जहरीले रसायनों का इस्तेमाल करेंगे तो उसके नतीजे घातक ही होंगे।

### किसानों के लिए 'पाठशाला'

दारव्हा के पास स्थित सुभाष शर्मा का खेत किसानों के लिए किसी 'पाठशाला' से कम नहीं है। यहां रोजाना ही कई किसान आकर प्राकृतिक खेती करना सीखते हैं। सुभाष अपने खेत में आने वाले हर किसान को सलाह देते हैं कि वे खेती के साथ पशुपालन करें, पौधे लगाएं, पक्षियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएं और बायोमास का उपयोग करें। वास्तव में ये सभी बातें खेती की उपज और किसान के उत्थान के साथ गहराई से जुड़ी हुई हैं। इससे खेत के लिए बेहतरीन खाद बनाई जा सकती है, कीट नियंत्रण में आसानी होती है और रसोईघर के लिए अच्छा ईंधन हासिल किया जा सकता है।

### उपज का सही मूल्य जरूरी

जीवन के 70 बसंत देख चुके सुभाष शर्मा 'किसानों की आत्महत्या' के मुद्दे से आगे सोचने का आह्वान करते हैं। वे इसकी असल वजहों की बात करते हैं। वे कहते हैं कि किसान को उसकी उपज का सही मूल्य मिलना चाहिए। जब सही मूल्य नहीं मिलता तो किसान शहर में पलायन करने को मजबूर होता है।

### मिल रहीं बधाइयां

सुभाष शर्मा को पद्मश्री सम्मान के बारे में तब पता चला, जब वे खेत से घर लौट रहे थे। इस समाचार से इलाके में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।





## मेवाड़ ओसवाल साजनान संघ का नववर्ष मिलन एवं निर्देशिका वितरण समारोह संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मेवाड़ ओसवाल साजनान संघ, कर्नाटक द्वारा रविवार को नव वर्ष स्नेहमिलन एवं निर्देशिका वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा ध्वजारोहण किया गया।समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम म्यूजिकल तंबोला और डांडिया रास रहा। समारोह में निशुल्क आई चेकअप कैंप, इंस्टेंट फोटो और सभी बच्चों के लिए विशेष रिटर्न गिफ्ट का आयोजन किया गया।

समारोह में संघ के अध्यक्ष विनोद नंदावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता और सामाजिक समर्पण पर बल दिया। इस अवसर पर अशोक जैन ने नवयुवकों को आगे आकर समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आग्रह किया और संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समाज के संस्थापक शांतिलाल नलवाया, विजयराज पितलिया, कनकमल नंदावत के साथ अन्य पदाधिकारियों ने तपस्वियों और विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील नंदावत ने किया। कार्यक्रम में कांतिलाल लसोड़ कोमलगांधी , भूपेन्द्र भानावत, नवयुवक अध्यक्ष कुशल मेहता, विरल पितलिया, नवीन मेहता, पूर्व अध्यक्ष जीवन मेहता आदि उपस्थित थे।



## सबके न्याय और स्वाभिमान की रक्षा हो

बेलूर/दक्षिण भारत । शहर के हेमवती मंजूनाथ सभागार में आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि यह सोचने-समझने की आवश्यकता है कि संविधान सभा के 389 सदस्य थे। 166 बैठकों के बाद संविधान बनकर तैयार हुआ था, लेकिन जिस दिन इसे पारित किया जाना था, 105 सदस्य अनुपस्थित रहे और उन्होंने इस पर अपने हस्ताक्षर नहीं किए। आज भी भारतीय संविधान के ऐसे अनेक कानून हैं, जो ब्रिटेन के हैं और वे हमारे अनुकूल नहीं हैं। वर्ष 1950 के बाद हुए संशोधनों में अनेक ऐसे हैं, जिनमें भेदभाव स्पष्ट झलकता है। इन सारी विषमताओं को दूर करने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए।

सुख-शांति और न्यायपूर्ण भारतीय गणतंत्र के लिये यह अत्यंत आवश्यक है।आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने संविधान निर्माण व निर्माणकर्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंगलवार को आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी, गणि पद्मविमलसागरजी और सहवर्ती मुनिगण तीन दिन के प्रवास पर चिकमगलूर पहुंचेंगे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com